कला की शिक्षा की एक धारा इन्द्रियों की शिक्षा पर आधारित है। इस विधि में भावों और संवेगों को व्यक्त करने के लिये अधिक से अधिक सामग्रियों तथा उनकी सम्भावनाओं की खोज की व्यवस्था है। अतः इस कार्यक्रम में शिल्प संबंधी क्रियाओं का समावेश किया गया। सैद्धान्तिक रूप से इस विधि की अपनी विशेषता है किंतु व्यावहारिक रूप में जहाँ कक्षा में बालकों की संख्या अधिक है यह विधि कितनी सफल रहेगी, यह विचारणीय है।

दैनिक जीवन में कला संबंधी एक प्रयोग ओवाटोन्ना में जिगफील्ड तथा स्मिथ द्वारा किया गया। इसमें, पहले दैनिक जीवन में समुदाय की कला संबंधी आवश्यकताओं का निर्धारण किया गया, इसके बाद इन आवश्यकताओं से संबंधित कला शिक्षा का कार्यक्रम बनाया गया जिससे समुदाय की दैनिक जीवन संबंधी कला-कार्यों के प्रति बालकों में रुचि उत्पन्न हो।

आजकल सृजनात्मकता पर अधिक बल दिया जा रहा है। विक्टर डि एमिको महोदय ने सृजनात्मक कला की शिक्षा की ओर ध्यान आकर्षित किया। उन्होंने बालक के व्यक्तित्व तथा कला और इतिहास के तत्व दोनों को ध्यान में रखा। उनकी विधि उन कौशलों की प्राप्ति से संबंधित है जो कि आत्म आविष्कार के लिये आवश्यक है। अभिव्यक्ति के साथ-साथ उन्होंने चाहा कि बालकों में कला की मान्यताओं का भी विकास हो।

शिक्षा में अनुबंधित दृष्टिभंगी का भी अपना महत्व है। इसी के आधार पर कला की शिक्षा के लिये भी समन्वित कार्यक्रम की परिकल्पना की गयी। इसके अनुसार कला का अन्य पाठ्य विषयों के साथ संबंध स्थापित किया गया। इससे कला-क्रियाओं ने अधिक सार्थक रूप धारण किया।

कला की शिक्षा की उपरोक्त कुछ धाराओं पर विचार करने से यह स्पष्ट हो जाता है कि ये एक दूसरे से पूर्णरूप से भिन्न नहीं हैं। किसी धारा में किसी सिद्धान्त पर अधिक बल दिया गया है तो किसी में अन्य किसी पर, किन्तु सभी धाराओं में अल्प विस्तार रूप में निम्नांकित बातें पायी जाती हैं।

१. बालकों का समन्वित सर्वांगीण विकास तथा समाज के साथ उनके भावुक संबंध स्थापन तथा समुचित रूप से अपने को व्यक्त करने की इच्छा का होना।

२. विषयवस्तु, सामग्री तथा कौशल को चुनने की स्वाधीनता।

३. कौशल को परिपूर्णता के स्थान पर स्तर के अनुसार बालकों की वृद्धि का लक्ष्य।

४. अनुभूति ही अभिव्यक्ति का आधार है और कार्यक्रम को फलप्रद होने के लिये रोचक होना आवश्यक है।

इस देश में भी कला की शिक्षा से उचित लाभ उठाने के लिये सामान्य शिक्षा में कला की शिक्षा का क्या स्थान है स्पष्ट होना चाहिये। इसी के आधार पर कला की शिक्षा का लक्ष्य निर्धारित होगा। जहाँ तक कला की शिक्षा की विधि का संबंध है, इसकी प्रचलित धाराओं के अध्ययन से ही अध्यापक अपना कर्त्तव्य-पथ निर्धारित कर सकेगा।

प्राथमिक विद्यालयों में उद्योग-शिक्षण

केसरीलाल श्रीमाली

उद्योग-शिक्षण कोई नई चीज नहीं है। नाम भले ही नया हो पर इसका प्रयोग मानव उत्पत्ति के समय से होता रहा है। इसकी सहायता से मानव ने सभी युगों एवं परिस्थितियों में विश्व का सच्चा ज्ञान प्राप्त किया है; इसी की सहायता से हमारे महान् आविष्कारकों ने ऐसे मूल्यवान् आविष्कार किये जिनके फलस्वरूप आज का सुविधामय, सुखमय जीवन हमें मिल सका है। आज के मानव जीवन की स्थिति पर विचार कर पाषाण युग के जीवन से उसकी तुलना करिये। आज हमारे पास वाष्प-यंत्र, जहाज, वायुयान, तार, टेलिफोन, टेलिप्रिंटर्स, टेलिविजन, पुल तथा सुरंगें (Tunnels) हैं, उद्योग नहीं तो फिर किसके माध्यम से यह सब कुछ सुलभ हो सका है?

प्राचीनकाल में विद्यालयों में उद्योग-शिक्षण आधुनिक युग की भाँति प्रचलित नहीं था, इस विषय को सीखना अथवा न सीखना पूर्णतः व्यक्ति की अभिरुचि पर छोड़ दिया गया था, परिणामस्वरूप अतीत में केवल कुछेक प्रतिभासम्पन्न व्यक्ति इस दिशा में आगे बढ़कर अपने साथियों को दिशा-बोध प्रदान करते थे।

एक उद्योग-शिक्षक को यदि पूर्ण सफलता नहीं प्राप्त होती है तो इसका प्रधान कारण प्रायः ज्ञान का अभाव नहीं वरन् यह है कि वह अपना ज्ञान छात्रों तक पूर्णतः प्रेषित नहीं कर पाता और न ही वह उनमें निरीक्षण की शक्ति ही विकसित कर पाता है। दुर्भाग्यवश स्थिति कुछ इस प्रकार की है कि इस विषय का शिक्षण प्रायः शाला के अन्य विषयों से भिन्न माना जाता है तथा भ्रान्त धारणा भी देखने में आती है कि उद्योग विषय का कक्षा में पढ़ाये जाने वाले अन्य विषयों से किसी प्रकार का पारस्परिक संबंध नहीं है।

उद्योग-शिक्षण में सफलता के लिये प्रथम चरण के रूप में यह आवश्यक है कि छात्रों के बारे में क्रमशः सामान्य तथा विशिष्ट जानकारी प्राप्त की जाय।

डा० सालेब्बी ने लन्दन में आचार परिषद् को सम्बोधित करते हुए कहा था कि "एक सफल अध्यापक होने के लिये प्रथम शर्त यह है कि बालकों की प्रकृति के बारे में ज्ञान प्राप्त किया जाय, शिक्षा बालक के लिये है न कि बालक शिक्षा के लिये।" एक बालक अथवा बालिका, पुरुष अथवा नारी का लघु संस्करण नहीं है, वह उस कोरे कागज के टुकड़े के समान नहीं है जिस पर अध्यापक अपने मनचाहे ढंग से कुछ लिख सके। प्रत्येक बालक की अपनी विशिष्ट जिज्ञासा, अपना निजी अनुभव, एक सामान्य रहस्यात्मक मानसिक बनावट होती है जिसे सतर्कतापूर्वक प्रदान की गई सहायता, प्रोत्साहन, परिवर्तन तथा संशोधन की आवश्यकता है। उद्योग अध्यापक को यहाँ बालक के रूप में एक जीवन्त, गतिशील पदार्थ के साथ व्यवहार करना है।

आप अपने छात्रों की इच्छा आकांक्षाओं को अधिक अच्छी तरह से समझ सकेंगे यदि आप यथासंभव यह याद करने का प्रयास करें कि आप के विचार जब आप शैशवावस्था में थे तो किस प्रकार के थे।

आजकल मुख्यतः प्रभावहीन प्रशिक्षण के कारण, जैसा कि विगत में होता रहा है, मानव निधि (Human material) का भयानक अपव्यय होता है।

प्रायः लड़कों को उस समय भी जबकि उन्हें हस्त-उद्योग अथवा अन्य व्यापारिक गुणों की शिक्षा दी जाती है, अपने काम से प्यार करना नहीं सिखाया जाता। न तो इन लड़कों को कभी यह बताया जाता है कि इन विशिष्ट गुणों का प्रयोग जीवनवृत्ति (Career) के निर्माण के लिये किस प्रकार किया जाना चाहिये और न ही उनके हृदय में महत्वाकांक्षा की लौ ही प्रज्वलित की जाती है!

प्रायः कार्य विशेष से तीन छः का संबंध रखने वाले व्यक्तियों को ही उन पर लगा दिया जाता है। दोष कहाँ पर स्थित है यह कहना कठिन है पर उसके अस्तित्व को अस्वीकृत भी नहीं किया जा सकता। परिणाम यह है कि जिन बालकों में इस ओर अभिरुचि नहीं है वे क्रमशः निरर्थक सिद्ध होते जाते हैं। वे स्वयं के लिये दुःख का कारण बनते हैं तथा राज्य के लिये भी न केवल दुर्वह भार वरन् कभी-कभी खतरनाक सिद्ध होते हैं। विफल घोषित छात्रों में से अधिकांश निर्विवाद रूप से अपने आप को अच्छा प्रमाणित कर सकते थे यदि उन्हें सही दिशा में व्यावहारिक ढंग से प्रशिक्षण दिया जाता।

इन बुराइयों को दूर करने के उपाय हम अपना सकते हैं। कमजोर छात्र के जीवन में परिवर्तन तथा नवोन्मेष लाने के लिये हम कुछ कदम उठा सकते हैं।

रुचिकार्य (Hobbies) एवं दस्तकारी, बुद्धि एवं स्वास्थ्य का विकास काम के प्रति लगाव पैदा करने की दिशा में प्रथम कदम माने जा सकते हैं। दूसरे चरण में आवश्यकता इस बात की है कि तरुण कारीगर को उसकी रुचि के अनुकूल सही प्रकार का कार्य प्रदान किया जाय, एक श्रेष्ठ शिल्पी अपने कार्य को खेल-भावना से स्वीकार करता है। जितना ही दुष्कर और अजेय यह खेल प्रतीत होता है, उतने ही अनुपात में उसे अपने कार्य से आनन्द प्राप्त होता है। एच. जी. वेल्स के शब्दों में, "मैंने यह देखा है कि तथाकथित महामानव हृदय से बालकों के समान हैं, अर्थात् आनन्दानुभूति की पिपासा उनमें बालकों के जैसी ही होती है। यह एक तथ्य है कि जो दूसरों को पढ़ाना चाहता है उसे अबाध गति से सीखते रहना चाहिये।" वे इसलिये काम करते हैं कि उन्हें अपना काम प्रिय है, और इस प्रकार काम वस्तुतः उनके लिये प्रिय खेल बन जाता है। कुछ करते हैं उसके प्रति रागात्मक लगाव है तो वह खेल है, पर यदि उसे विवश होकर करते हैं तो वह मात्र कार्य है।

उद्योग-शिक्षण के दौरान हमें हर बालक में उस उद्योग के प्रति लगन पैदा करनी चाहिये जो उसे व्यक्तिगत रूप से रुचिकर लगता है, तथा जो उसके परवर्ती जीवन में भी सहायक हो सकता है। इस प्रकार अनायास ही वे अपने आप को अपने भविष्य निर्माण के लिये तैयार कर सकेंगे।

उन क्रिया-व्यापारों द्वारा बालकों में उद्योग सीखने के प्रति रुचि जाग्रत की जा सकती है, जो मुख्यतः उनकी सहज प्रवृत्तियों पर आधारित हो, उदाहरण के लिये खेल, अन्वेषण, मुखरता, आत्म-प्रकाशन तथा हस्तकौशल की प्रवृत्तियाँ। बालक की व्यक्तिगत अथवा सामाजिक किसी भी वास्तविक आवश्यकता को उसके जीवन के निकट की किसी भी वृत्ति में रूपान्तरित किया जा सकता है।

बालक की वास्तविक निजी आवश्यकता ही नींव है। जब तक कि बालक उस आवश्यकता से अनुप्रेरित होकर अपनी सहज प्रवृत्तियों के माध्यम से उसे पूर्ण करने का प्रयास नहीं करता, तब तक वह सन्तोषजनक ढंग से कला, दस्तकारी एवं उद्योगों की विरासत में प्रवेश नहीं कर सकेगा। यदि बालक में रुचि एवं इच्छा का अभाव है तो निश्चय ही उद्योग-शिक्षण की कोई भी योजना चाहे वह कितनी ही क्रमिक तथा स्वयं विकासशील क्यों न हो अपने लक्ष्य को प्राप्त करने में विफल रहेगी। एक अनुभूत समस्या, सहज प्रवृत्ति, उपयुक्त माध्यम अथवा वृत्ति द्वारा यदि आवश्यकता को पूर्ण करने का प्रयास किया जाय तो उसका परिणाम स्थायी एवं साधन रूप हस्तकार्य के रूप में प्रकट होगा, हाथ का कोई भी कार्य तब तक अपील नहीं करेगा जब तक कि वह बालक के आसपास के सामाजिक वातावरण में सम्पन्न हो रहे कार्य के समानान्तर अथवा उसकी प्रतिकृति या पुनर्रचना न हो।

यदि बालक से वही चाहा जाता है जो उसके मन के अनुरूप होता है तो वह अधिक क्रियाशील होकर उसे पूरा करने में लग जाता है, वह अपने ग्राम, घर, पड़ौस तथा आसपास के वातावरण से सामग्री जुटाने में दत्तचित हो जाता है। वह अपनी समग्र साधन-क्षमता के एकत्रित ज्ञान को सुसंयोजित

करने में उपयोग करेगा तथा उसे अपने अध्यापक, माता-पिता एवं ग्रामवासियों से परामर्श तथा औजारों की सहायता की अपेक्षा रहेगी। वह उन बातों को सीखने का भरपूर प्रयास करेगा जो कि उसे नहीं सिखाई गई हैं। विद्यालय उसके लिए सीखने एवं कुछ करने का एक आकर्षण केन्द्र, एक घर बन जायेगा जहाँ उसकी आकांक्षाएँ-आवश्यकताएँ साकार रूप धारण करती हैं। वह स्वेच्छापूर्वक प्रसन्नता से विद्यालय में जाना चाहेगा।

शाला-पाठ्यक्रम में हस्त-उद्योगों के समावेश के कारण

हस्तकार्य शिक्षार्थी को सोचने के लिए बाध्य करता है, परिणामस्वरूप वह किसी भी वस्तु के माध्यम से अपने विचारों को अभिव्यक्ति प्रदान करता है। यह कार्य मानव चरित्र की गहराइयों में अवस्थित सर्वोत्तम उत्सों को स्पर्श करता है। इससे मूल्यवान तथा दूरगामी परिणाम निकल सकते हैं।

इसके द्वारा हाथ तथा आँख की कुशलता एवं मन की एक वृत्ति का विकास होता है जो बाद के जीवन में विशिष्ट विधियों के प्रशिक्षण के लिये आधार-भूमि का काम करता है। इससे उत्फुल्ल दृष्टि, प्रत्युत्पन्न मति, कौशलमय हस्त, निष्ठामय कर्मठता एवं प्राकृतिक नियमों का सोद्देश्य बुद्धिमत्तापूर्ण प्रयोग करने की क्षमता का विकास होता है। अपने ही हाथों से किसी वस्तु का निर्माण करने से बालक की वैयक्तिकता एवं चरित्र का विकास होता है। दस्तकारी प्रवृत्तियाँ अनिवार्यतः सृजनात्मक होती हैं तथा शाला में बालकों द्वारा इन प्रवृत्तियों के अन्तर्गत जब नई चीजों का निर्माण होता है तो इससे शाला वातावरण को यथार्थ की धरती का आधार मिल जाता है।

हस्त-उद्योगों द्वारा बालकों में अपने चारों ओर के वातावरण के प्रति रुचि उत्पन्न होनी चाहिये, आदर्श-शिक्षण का यह मान्य सिद्धान्त है कि शाला शिक्षण की प्रक्रियाएँ बालक के सामुदायिक जीवन से घनिष्टतम रूप से सम्बधिन्त होनी चाहिए।

इसके द्वारा ऐसे अनुभव उपलब्ध कराये जाने चाहिये जो सर्वतोमुखी विकास में योग प्रदान कर सकें। उद्योगों द्वारा ऐसी प्रक्रियाएँ सम्पन्न होनी चाहिए जिससे कि बालक का शारीरिक, मानसिक तथा नैतिक उत्थान सम्भव हो सके। इसके द्वारा बालकों को विशेष अनुभवों को प्राप्त करने के लिए ऐसे अवसर सुलभ किये जाने चाहिए कि जिससे सीखने की प्रक्रिया अधिक उद्देश्यमय, यथार्थवादी, व्यावहारिक तथा प्रभावशाली बन सके। बालक काम करने के साथ-साथ नया ज्ञान भी प्राप्त करते रहें। वांछित एवं उपयोगी ढंग से बालकों द्वारा ही समाज में कार्य किये जाने की दिशा में पहल की जानी चाहिए। बालकों की सृजनात्मक एवं आत्मप्रकाशन की प्रतिभा को विकसने का क्षेत्र मिलना चाहिए। बालक का अपना विशिष्ट निजी व्यक्तित्व है जो तभी उन्नति कर सकता है जब उसे सृजन द्वारा आत्माभिव्यक्ति की सुविधा दी जाय। उद्योग-शिक्षण द्वारा इन्हें ज्ञान प्राप्त करने में सहायता मिलनी चाहिये। वे इस प्रकार से संचालित होने चाहिए कि बालकों की स्वतन्त्रता तथा पहल करने की शक्ति को अभ्यास का अवसर मिल सके। इनके द्वारा बालकों को मनोरंजन की कला, अवकाश

के समय का लाभप्रद उपयोग तथा जीवन मूल्यों के प्रति स्वस्थ दृष्टिकोण विकसित करना सिखाया जाना चाहिये।

कारणभूत प्रेरक (Motives) देने के सिद्धान्त

प्रेरणा देने का प्रश्न मुख्यतः यह है कि हम स्वयं कर रहे कार्य को किस कारण से करते हैं? सामान्यतः मनोविज्ञानवेत्ताओं का यह विश्वास है कि मनुष्यों के कार्य तथा विचारों की उत्पत्ति उन आवश्यकताओं की पूर्ति हेतु होती है जो उनके आन्तरिक जीवन अथवा बाहरी वातावरण से उद्भूत होती है। उद्योग-शिक्षण की मुख्य विशेषता यह है कि इसके द्वारा निरन्तर तथा अधिकाधिक प्रेरणाएँ आवश्यकताओं को पूर्ण करने के प्रयासों को सफल बनाने की दृष्टि से दी जाती हैं। यद्यपि मनोविज्ञान के विद्यार्थी इस प्रश्न पर पूर्णतः आश्वस्त नहीं हैं कि कैसे और किस सीमा तक कारणभूत प्रेरक सीखने की प्रक्रिया को गति प्रदान करते हैं। वे निश्चित रूप से मानते हैं कि किसी न किसी रूप में प्रेरणा (Motivation) सीखने की प्रक्रिया पर शक्तिशाली प्रभाव डालती है। बालक अपनी आवश्यकताओं से स्पष्ट रूप से परिचित होता है, जिस वस्तु को बनाना चाहता है उससे भी तथा अपनी आवश्यकताओं को परितृप्त करने के साधनों से भी, वह यह जानता है कि उसके द्वारा निर्मित वस्तु से उसका सुख बढ़ेगा।

शाला में रहते हुए बालक यह ज्ञान और कुशलताएँ (Skills) प्राप्त करता है जो उसे समाज के सदस्य के रूप में दायित्व निर्वाह करने में सहायक होते हैं। बालकों में सीखने की इच्छा होनी चाहिए और वे केवल उन्हीं बातों को सीखना पसंद करेंगे जिनके बारे में उन्हें यह विश्वास हो कि ये बातें उनकी इच्छा आवश्यकता को तृप्त कर सकती हैं। अतः कामनाओं के साथ तादात्म्य स्थापित कर ऐसी विद्याओं का सृजन करें जो उनकी आवश्यकताओं को मान्य उपायों द्वारा पूर्ण कर सकें।

उद्योगों का चयन

शाला पाठ्यक्रम के साथ एकीकरण करने के लिये उद्योगों का चयन करते समय हमें उदार दृष्टिकोण अपनाना चाहिये। हमें ऐसे उद्योगों का उपयोग करना चाहिये जो बौद्धिक परिमाण (Intellectual Content) की दृष्टि से महत्वपूर्ण हों एवं ज्ञान तथा व्यावहारिक क्षमता के क्रमिक विकास का अवसर प्रदान करते हों। वे शाला के सहज सामाजिक वातावरण तथा अधिकतम शैक्षणिक सम्भावनाओं के अनुरूप होने चाहिये। यह सही है कि उद्योग विशेष में प्राप्त दक्षता बालक के सर्वांगीण विकास में योग देती है परन्तु साथ ही यह आवश्यक है कि किसी भी स्थिति में उत्पादन पक्ष को शैक्षणिक पहलू पर हावी नहीं होने दिया जाना चाहिये। इसके द्वारा बालकों के समक्ष उच्चस्तरीय प्राप्ति का प्रतिमान स्थापित होता है, उन्हें उपयोगी आदतों तथा प्रवृत्तियों का सही प्रकार का प्रशिक्षण दिया जाता है जैसे उद्देश्यपूर्ण प्रयोग (Purposeful Application), एकाग्रचित्त होना, दृढ़ आग्रह एवं सुविचारित योजना निर्माण। उद्योगों से संबंधित प्रवृत्तियों को आनन्दपूर्ण बनाते समय इस बात का

ध्यान रखना आवश्यक है कि वे बालकों पर थोपी नहीं जानी चाहिये। वे ऐसी रुचिकर तथा करने योग्य हों कि बालक अपनी कल्पना शक्ति का उपयोग कर सकें। इनके द्वारा बालक की सृजनात्मक भूख को भी संतोष मिलना चाहिये। इन प्रवृत्तियों का आयोजन करते समय संकीर्ण और रुग्ण प्रतिस्पर्धा की भावना से बचना चाहिये। सहयोग तथा आत्मनिर्भरता की भावनाओं को प्रोत्साहन दिया जाना चाहिये। इनकी सफलता बहुत कुछ स्वयं अध्यापक द्वारा प्रदर्शित जीवन्त, सक्रिय रुचि पर निर्भर करती है। इनका चयन स्थानीय परिस्थितियों के अनुसार होना चाहिये। इनका आयोजन बालकों की आयु तथा क्षमता का ध्यान रखते हुए सुनियोजित प्रकार से होना चाहिये। इन प्रवृत्तियों द्वारा निरीक्षण, अनुभव, परीक्षण की इच्छा, सहयोग तथा समाज सेवा आदि भावनाएँ उद्बुद्ध की जानी चाहिये। इनका नियोजन नये सामाजिक प्रतिमान एवं मूल्य स्थापित करने के लिये, एक ऐसे समाज की स्थापना के लिये होना चाहिये जिसमें शारीरिक और मानसिक श्रम करने वाले व्यक्तियों को समान महत्व की दृष्टि से देखा जाता हो। शारीरिक श्रम के प्रति अनुराग तथा उसकी गरिमा में आस्था उत्पन्न की जानी चाहिये। ये बौद्धिक विकास का अभिन्न अंग तथा उस विकास का साधन होनी चाहिये। महात्मा गांधी के शब्दों में "मेरे सुझावों का सार यह है कि हस्त-उद्योग केवल उत्पादन के लिये नहीं वरन् शिक्षार्थियों के बौद्धिक विकास के लिये पढ़ाये जावें।"

आज की परिस्थिति

आप से जो इस कार्य में लगे हुए हैं, वे परिस्थितियाँ अपरिचित नहीं हैं जिनसे कला तथा उद्योग शिक्षण का काम इस देश में चल रहा है। यह स्वीकार किया जाता है कि आदर्श (Ideals) स्वीकृत उद्देश्यों की तुलना में ऊँचा स्थान रखते हैं। आदर्श हमेशा उत्प्रेरित करने एवं नेतृत्व देने के लिये होते हैं न कि तत्काल प्राप्त करने के लिये। मूल्यांकन आदर्शों के आधार पर नहीं किया जाता परन्तु लक्ष्यों एवं उद्देश्यों को क्रियान्वित होते हुए देखा जाना चाहिये क्योंकि मूल्यांकन का आधार वे ही हैं। अतः स्पष्ट है कि आज की वास्तविक परिस्थितियों की, उद्देश्यों का महत्व निर्धारण तथा सुस्पष्ट लक्ष्य परिभाषित करते समय, उपेक्षा नहीं की जा सकती।

संक्षेप में हम अपने महान् नेता जवाहरलाल नेहरू के शब्दों में कह सकते हैं कि "वे जो साहस तथा प्रयास करते हैं, विजयश्री प्रायः उन्हीं का वरण करती हैं, बिरले ही वह स्थिरता के पास फटकती है।"

बालकों की कला-शिक्षा

विष्णु शर्मा

मनुष्य समाज से उत्पन्न है, उसका विकास समाज पर निर्भर है तथा वह किसी भी प्रकार समाज से विच्छिन्न नहीं किया जा सकता।

प्रत्येक व्यक्ति को कुछ विशेष क्षमताएँ प्राप्त हैं जिनका उसके व्यक्तित्व में महत्वपूर्ण मूल्य है। ऐसी क्षमताओं की जो कि व्यक्ति के जीवन में हैं, बढ़ने और विकसित होने के अवसर स्वयं उस व्यक्ति तथा सम्पूर्ण मानवता के हित के लिए दिये जाने चाहिए। मानवीय शिक्षा का उद्देश्य व्यक्ति में निहित सर्वश्रेष्ठ सम्भावनाओं को इस प्रकार प्रकट कराना है कि समाज तथा उसके ढांचे के साथ पूरा सामंजस्य बना रहे। मानव-जाति के लिए शिक्षा की कसौटी यह है कि वह एक सम्पूर्ण तथा संघटित व्यक्तित्व की उत्पत्ति के लिये मनुष्य में निहित विभिन्न क्षमताओं को विकसित करती है, उसे जीवन के लिए तैयार करती है। सामाजिक वातावरण के साथ उसका सामंजस्य स्थापित करते हुए जिसका कि वह अनिवार्यतः एक सदस्य बन गया है।

कला क्या है ? समस्त संसार के विचारकों तथा दार्शनिकों ने अपने मत के अनुसार इसकी परिभाषा की है किन्तु एक दूसरे से कोई भी सहमत नहीं है, यद्यपि मूलतः सभी स्थापनाएँ किसी न किसी रूप में समान हैं, क्योंकि कला मानव-अनुभव की मूल वस्तुओं में से एक है। सामान्यतया कला की परिभाषा जीवन की अभिव्यक्ति के रूप में की जा सकती है जो कि हमारी प्रज्ञा अथवा ज्ञानेन्द्रियों को स्पर्श करती है। सत्यं, शिवं, सुन्दरम् इन तीन आदर्शों में कला को 'सुन्दर' के रूप में स्थापित किया गया है। हम अपनी सुविधा के लिये यहाँ कला को अपनी 'ज्ञानेन्द्रियों को सन्तुष्ट करने वाली वस्तु' के रूप में परिभाषित करते हैं। इस विचार के लिए कला का एक मनोहर स्वरूप होना चाहिए। उसकी कोई निश्चित आकृति तथा रंग भी होना चाहिए। कला हमारी ज्ञानेन्द्रियों पर आकर्षण तथा प्रशमन का एक सम्पूर्ण प्रभाव रखती है। इस दृष्टिकोण से कला का स्वरूप व्यापक और लचीला दोनों है।

अभिव्यक्ति हमारा जन्मजात अधिकार है। यह अभिव्यक्ति ही जीवन है और वह विभिन्न स्वरूपों में प्रकट तथा प्रवाहित होती है, केवल किसी एक ही रूप अथवा रंग में नहीं। व्यक्ति की अन्तरात्मा की अभिव्यक्ति तथा सम्प्रेषण समाज को क्रियाशील तथा सशक्त रखते हैं। उसका परिणाम होता है हमारा संतोष।

कला उन्नति के लिये मार्ग प्रशस्त करती है, क्योंकि किसी भी रूप में अभिव्यक्ति विकास का साधन है तथा जीवन को आगे बढ़ाने के लिये वह एक आवश्यक अच्छाई है। प्रत्यक्षज्ञान (Perception) तथा अभिव्यक्ति मनुष्य मात्र के लिये स्वाभाविक है।

भूत, वर्तमान तथा भविष्य की कला यह प्रकट करेगी कि मनुष्य में अंकित करने तथा सृजन करने की क्षमता निहित है। अतीत से जो कुछ मूल्यवान उत्तराधिकार हमें प्राप्त हुआ है वह प्रकट करता है कि कला-शिक्षा एक मनुष्य के लिये बड़ी कीमती वस्तु है तथा वह उसके व्यक्तित्व के विकास में एक बहुत महत्वपूर्ण हिस्सा अदा करती है।

कला में हमें विकसित करने की क्षमता है। जब यह शिक्षा से सम्बन्धित की जाय तब बड़ी महत्वपूर्ण है। यह बौद्धिक, भावनात्मक तथा आध्यात्मिक उन्नति को प्रेरित करने तथा आगे बढ़ाने के लिये है। इसमें हमारे भीतर एक सौन्दर्यशील सहजता तथा रचनात्मक क्षमता उत्पन्न करने का गुण है। इसके आश्रय से मनुष्य का व्यक्तित्व तथा योग्यता अपने समन्वित स्वरूप में विकसित होते हैं। अतः कला किशोरावस्था से नीचे के बालकों की संपूर्ण शिक्षा से सम्बन्धित है और इस कारण पाठ्यक्रम में इसे स्थान दिया जाना चाहिए।

विभिन्न जलवायु में विभिन्न देशों की शिक्षण पद्धतियों के ऐतिहासिक विकास को देखिए। आप देखेंगे कि विचारों के दो प्रवाह हैं–एक, समाज के संदर्भ में व्यक्ति के जीवन के आधारभूत मूल्यों को मान्यता प्रदान करने वाला तथा दूसरा, व्यक्तिगत क्षमताओं की उपेक्षा करते हुए केवल सामाजिक

संगठन पर बल देता हुआ। इसका परिणाम यह हुआ कि सामान्य शिक्षा में कला-शिक्षण के महत्व को पूरी तरह उपेक्षित किया गया।

कला केवल जीने का साधन मात्र थी और अपना कला-मूल्य खो रही थी। आदिकालीन तथा मध्ययुगीन समाज में यह केवल कुछ आभिजात्य सामन्तों की ही आवश्यकताओं की पूर्ति के लिये थी और मुख्यतः खरीददारों पर निर्भर थी, और इस प्रकार एक गुलामी मनोवृत्ति पनप रही थी।

आधुनिक समय में कला ने एक व्यवस्थित तथा वैज्ञानिक पद्धति अंगीकार करली है। कतिपय यूरोपीय देशों में कला ने प्राथमिक, सामान्य तथा राष्ट्रीय शिक्षा में विकास पाया है। प्रमुख मार्गदर्शक शिक्षाविदों, सांस्कृतिक एवं साहित्यिक आन्दोलनों, प्रदर्शनियों तथा एक देश के दूसरे देश पर पड़ने वाले प्रभावों ने कला तथा शिल्प शिक्षा में एक गहरी और व्यापक रुचि उत्पन्न की है। अन्ततः कला तथा शिल्प के प्रशिक्षण ने पुस्तकीय शिक्षण में स्थान पाया।

औद्योगिक विकास तथा मुद्रणालयों की उन्नति ने समाज में पारंगत कलाकारों की मांग को बढ़ाया। हाथ और आँख का मूल्य पहचाना गया, स्वीकारा गया। उस समय राष्ट्र के व्यवहार-ज्ञान (Practical sense) की अपील को कोई मान्यता नहीं दी गई। कला-शिक्षा के उद्देश्य अब धीरे-धीरे बदल रहे थे। प्राचीन व्यवस्था अब ढह रही थी और नई व्यवस्था उसका स्थान ले रही थी। कला-शिक्षा के पाठ्यक्रमों का निर्माण किया गया और एक सुव्यवस्थित शिक्षा के लिए कला शिक्षा के केंद्र निर्मित किये गये। तकनीकी (औद्योगिक) कार्यक्षमता का प्रशिक्षण दिया जा रहा था और कल्पना तथा सौन्दर्यबोध की भावना का विकास इस समय हो रहा था।

कुछ जड़ तरीके थे जिनसे कला का प्रवाह नष्ट होता था और ज्ञानेन्द्रियों की अपील शून्य हो जाती थी। बालक प्रायः गुलाम बनने के लिए प्रशिक्षित किये जा रहे थे। सीधी रेखाओं का अभ्यास, गहरी और सूक्ष्म रेखाओं का भिन्न-भिन्न स्थितियों में अंकन, भिन्न-भिन्न आकृतियों का नाप और नकल ये सब भावी सन्तति में एक कुण्ठित चेतना का निर्माण कर रहे थे। ये पद्धतियाँ अमनोवैज्ञानिक और अस्वाभाविक थीं तथा कोई संतोष प्रदान नहीं करती थीं, जो कि कला को करना चाहिए। बाद में, वैषम्य (Contrast), प्रकाश और छाया का सिद्धान्त तथा यांत्रिक अथवा ज्यामितीय अंकन (geometrical drawing) प्रस्तुत किये गये। लेकिन बालकों में रुचि उत्पन्न करने में वे भी असफल रहे। तब यथातथ्य चित्रण के क्रम में फल-फूलों व अन्य प्राकृतिक वस्तुओं को रेखा व रंग में प्रस्तुत किया जाने लगा और समझा गया कि यथातथ्य चित्रण की कला का शिक्षण पूरा हुआ। उद्देश्य रहा– एकदम फोटोग्राफ सा यथार्थ अंकन। इससे बालकों को प्रकृति में आकृति तथा रंग के सौंदर्य को पहचानने–समझने में मदद मिली।

यह कला-शिक्षा का रूढ़िबद्ध पाठ्यक्रम था। इसमें एक-एक बालक का अलग-अलग विचार नहीं था। इसके कारण व्यक्तित्व के विकास, अनुभूति तथा क्षमता की उपेक्षा की गई। कला

शिक्षक स्वयं को बालक पर प्रस्थापित करता था। स्वयं की सहज प्रेरणा तथा व्यक्तिगत दृष्टिकोण उपेक्षित हुए।

प्रमुख शिक्षाविदों तथा मनोवैज्ञानिकों द्वारा बालकों के कला-शिक्षण के क्षेत्र में प्रयोग किये गये। उन्होंने प्राकृतिक मूल प्रवृत्तियों, व्यक्तिगत मनोवेगों एवं रुझानों तथा अभिव्यक्ति के माध्यमों का मूल्यांकन किया। जैसा कि प्रत्येक विचारक के लिए स्वाभाविक है, वे अपने-अपने मत में विरोध रखते हैं। किन्तु उन सबके द्वारा बालक के विकास की आधारभूत एवं मूल स्थितियों को स्वीकार किया गया है। इससे यह स्थापित होता है कि बालक को स्वतन्त्र तथा अदूषित वातावरण में रचना करने का अवसर दिया जाना चाहिए।

अब हम विकास की भिन्न-भिन्न अवस्थाओं में उपयोगी सामग्री तथा कला-शिक्षण के तरीकों पर विचार करें :—

विकास की अवस्थाएँ निम्न प्रकार हैं :—

प्रथम :– हस्तविधान (Manipulation) की अवस्था (२ से ३ वर्ष की उम्र)

पेंसिल अथवा खड़िया से व्यवस्थित रूप में अंकन। बाँह की एक अण्डाकार रूप में गति।

द्वितीय :– बालक के प्रतीकवाद (Symbolism) की अवस्था (३ से ५ वर्ष की उम्र)

(क) घेरा बनाना, सीधी रेखा खींचना तथा इनको सूरज तथा मकड़ी की आकृति प्रदान करना।

(ख) मनुष्याकृति का अंकन करना, सामान्यतया मनुष्य के मुख-सिर के स्थान पर गोलाकार आकृति, आँखों के लिए दो गोले, नाक के लिए एक सीधी खड़ी रेखा तथा उसके नीचे एक आड़ी रेखा मुंह के लिए।

(ग) मनुष्याकृति में पैर, हाथ और बाल प्रदर्शित करने के लिए सीधी रेखाओं का यथा-स्थान अंकन।

(घ) स्वतःस्फूर्त अभिव्यक्ति जिसे वह नाम देता है।

तृतीय :– व्याख्यात्मक प्रतीकवाद (५ से ६ वर्ष की उम्र)

कुछ विशेष स्पष्ट मनुष्याकृति–तीन सीधी रेखाओं की त्रिकोणात्मक शक्ल तथा बाहों को यथास्थान बनाकर शरीर का अंकन–बिंदुओं से आँख के गोलों का चित्रण। इस अवस्था में एक गोल प्रतीकात्मक योजना के रूप में कल्पना का कुछ विकास प्रकट होता है।

चतुर्थ :– यथार्थवादी कला का वर्णन (६ से ८ वर्ष की उम्र)

बालक विचार करता हुआ और स्मरण करता हुआ चित्रण करता है। वह अपनी मानसिक आकृतियों को तथा और भी वह जो कुछ सोचता है उसे अभिव्यक्ति देता है। योजना अब कुछ और सही और सत्य हो जाती है और विवरण जुड़ जाता है। पार्श्व-मुख (Profile face) का चित्रण किया जाता है। गति तथा क्रिया दिखाए जाते हैं। पशु-पक्षी और पौधों के जीवन की ओर भी वह आकर्षित होता है।

पंचम :– छद्म यथार्थ (Pseudo realism); एक संक्रमणकालीन अवस्था (Transitional age) (८ से १० वर्ष की उम्र)

इस अवस्था में बालक एक स्थिति से दूसरी स्थिति में जाता है। यहाँ यह वस्तुओं तथा प्रकृति से चित्रण करता है। अनुकरण करने तथा नकल करने में रुचि प्रदर्शित करता है। वह चित्रण की जाने वाली वस्तु को यथार्थ रूप में देखता है, दृश्याधार प्रकट करता हुआ गोलाई देता है।

छठा :– प्रत्यक्षीकरण तथा संवेदनशीलता की अवस्था, जो कि वयस्कता से मेल खाती है (१० से १२ वर्ष की उम्र)

बालक यहाँ अधिक संवेदनशील हो जाता है और गंभीरतापूर्वक अपनी पसंद के विषय पर ध्यान देता है। जब इच्छानुसार प्रभाव और आकृतियाँ निर्मित नहीं होतीं तब वह निराश हो जाता है, इस समय उसमें पुनः रुचि उत्पन्न करने की आवश्यकता है। मनुष्याकृति के प्रति रुचि समाप्त हो जाती है और सजावट के कार्यों की ओर बदल जाती है। सामान्यतया बालक इस समय बातचीत करने में विशेष रुचि दिखाते हैं क्योंकि कुछ प्राकृतिक विकास उनमें इस समय होते हैं।

उपकरण और सामग्री

बालक रंगों के प्रति बड़े संवेदनशील होते हैं। रंग उनके लिये एक बड़े आकर्षण की वस्तु है। ऐसा कहा जाता है कि रंग उनके लिये जीवन है। रंगों से विहीन रेखाओं से चित्रण उनकी भावनाओं तथा प्रकृति को उत्साहित नहीं करता। उस स्थिति में उनकी रुचि तथा अभिव्यक्ति समाप्त हो जाती है और उनमें अकर्मण्यता छा जाती है।

खाका खींचने तथा चित्रण करने में विभिन्न प्रकार के उपकरणों के प्रयोग का बालक की उम्र तथा उसके भावनात्मक तथा बौद्धिक विकास से गहरा संबंध है। बालकों की प्रकृति तथा स्वभाव के अनुसार जिन विषयों में उसकी रुचि बढ़े, उसके लिये उन्हें प्रयोग करने के लिये बहुत विशाल उपकरण और माध्यम दिये जाने चाहिये।

दो वर्ष की उम्र में बालक सामान्यतया गोदा-गादी (घसीटना scribbling) करना आरम्भ कर देता है। यह स्वाभाविक है। उसकी लचीली उंगलियां गति मांगती हैं। उस समय उसे काले, लाल, पीले, नीले आदि रंग की मोम की खड़िया पैंसिल तथा बड़ा कागज, जो कुछ खुरदरा हो, दिया जाना चाहिये। मोम की खड़िया आसानी से कागज पर फ़िसलती है जो उसके हाथों को गति करने की स्वतंत्रता देती है।

कागज रखने के लिये १२×१७ स्क्वेयर इंच के हार्ड-बोर्ड (पुट्ठों) के टुकड़ों की आवश्यकता होगी। कागज के दोनों ओर काम किया जा सकता है, उससे चित्रण में प्रभाव आयेगा। स्वतंत्रतांपूर्वक बैठकर काम करने के लिये फर्श अच्छी जगह है। पेंसिल और सख्त उपकरण उन्हें नहीं दिये जाने चाहिये। कभी कभी उनके विकास के लिए तख्तियां, जिनका हल्का भूरा रंग हो, तथा चाक-खड़िया उपयोगी होंगी।

दोनों हाथों की एकसाथ क्रियाशीलता के लिये कुछ मोमी मिट्टी (प्लैस्टिसीन) तथा तैयार की हुई सफेद चिकनी मिट्टी (Clay) बहुत उपयोगी है। इसमें बालक की नर्म उंगलियों को दबाने और पीट-पीट कर गूंधने का जो अवसर मिलता है वह भी अपने आपमें एक अलग लाभ है।

चार वर्ष की उम्र तक ऊपर बताए गए उपकरण बालकों के स्वभाव, रुचि तथा आवश्यकता के अनुकूल रहेंगे और उनके नाना प्रयोगों में मदद करेंगे।

सामान्यतया देखा जाता है कि इस उम्र तक बालक अधिकतर लाल, नीले, हरे, काले रंगों का उपयोग करते हैं। इससे यह प्रकट है कि उनके लिये केवल थोड़े से रंगों की ही अनिवार्यता है।

४ से ६ वर्ष की उम्र तक बालकों को मोम की खड़िया, चाक तथा कागज के बड़े दस्ते दिए जाने चाहिये। रंगों की संख्या १२ तक बढ़ा दी जानी चाहिये, तथा ब्लैक-बोर्ड एवं तख्तियों का उपयोग स्वतंत्रतापूर्वक करने दिया जाना चाहिये। सफेद चिकनी मिट्टी (Clay), रैड आक्साइड तथा गोंद मिलाकर बनाए गए पीली मिट्टी के रंग भी अब दिए जाने चाहिये। एक बड़ी डंडी व सख्त बालों वाला ब्रश प्रत्येक प्रकार के रंग के लिये दिया जाना चाहिए जिनसे कागज और तख्तियों पर काम किया जा सके। ब्रश का उपयोग करने तथा अलग अलग रंगों का उपयोग करने का अभ्यास भी बालक को कराना चाहिये। यह ध्यान रखा जाना चाहिये कि बालक अपने कपड़े खराब न कर लें। उन्हें बराबर सावधान करते रहना चाहिये।

कत्थई पैंकिंग पेपर तथा अन्य सोखने वाला कागज जैसे अखबारी कागज (Newsprint) खड़िया, क्रेयन तथा मिट्टी के रंगों से काम करने के लिये सुविधाजनक होते हैं।

ये रंग मिट्टी के एकसाथ जुड़े हुए बर्तनों में मिलाए जा सकते हैं। स्थानीय कुम्हार से निर्देश देकर ये बर्तन बनवाए जा सकते हैं। लोच वाले काम के लिये गीली चिकनी मिट्टी तथा मोमी मिट्टी (प्लेस्टिसीन) दिए जाने चाहिये। चिकनी मिट्टी तथा मोमी मिट्टी रखने के लिये लोहे के चद्दर की बनाई हुई तश्तरी का उपयोग किया जाना चाहिए ताकि स्थान गंदा न हो।

सफाई रखने की आदत बालकों में उत्पन्न की जानी जरूरी है।

६ वर्ष के बाद तथा नौ वर्ष के पहले तक बालकों को ऊपर बताए गये उपकरणों को उपयोग में लाना सिखाया जाना चाहिये। पीले, लाल, नीले, हरे, सिंदूरी और काले रंग अब सम्मिलित किये जाने चाहिये। ये रंग गोंद के साथ मिलाकर, घुलनेवाले पाउडर-रंगों से बनाये जा सकते हैं। आपस में जुड़े हुए छह बर्तनों का एक सैट अब कुम्हारों से प्राप्त किया जा सकता है।

अब दो प्रकार की साइज के लम्बी डंडी वाले गोल और चपटे सख्त बालों (Bristle hair) के ब्रश आवश्यक होंगे। नर्म बालों वाले ब्रश भी अब अधिक विवरण और सूक्ष्म चित्रण के लिये उपयोगी होंगे। चित्रण के लिये व्यक्तिगत रुचि से मेल खाते हुए अलग अलग पृष्ठदेश (Surface) तथा रंग वाले कागज दिये जाने चाहिये। बच्चों को अपनी आवश्यकता के अनुसार चुनाव करने के लिये छोड़ दिया जाना चाहिये।

आठ इंच की ऊँचाई वाली सपाट सिरे वाली बैंच तथा चौकियों का उपयोग इस समय बहुत उपयुक्त रहता है। इस समय चित्राधारों (painting easels) का उपयोग ठीक है। लेकिन वे दो रूपों में काम आने वाले तथा विशेष रूप से तैयार किये गये होने चाहिये जिससे कि हाथों को स्वतंत्र गति मिल सके। ६×२ लम्बाई वाले तथा २×५ मोटाई वाले नर्म पतले पुट्ठे से इस प्रकार के चित्राधार बनाए जा सकते हैं। एक हल्की फ्रेम में लगाए जाने पर यह एक तरफ का चौखटा (panel) होगा। इस प्रकार के दो चौखटों को जोड़कर एक इधर-उधर ले जा सकने वाला चित्राधार बन जायेगा। इस प्रकार का चित्राधार बालकों द्वारा बैठे हुए कार्य करने के लिये जमीन पर, अथवा खड़े हुए कार्य करने के लिये टेबल पर आसानी से रखा जा सकता है। इसकी सतह पर कागज बड़ी आसानी से पिन या स्टिच-मशीन से लगाए जा सकते हैं। बोर्ड-पिनों का उपयोग नहीं किया जाना चाहिये क्योंकि उनके फर्श पर गिर जाने व कभी पाँव में चुभ जाने की ऐसी घटनाएँ प्रायः हुई हैं। अतः इस तरफ से सावधान रहा जाना चाहिये।

इस प्रकार के चित्राधारों के एक ओर तीन बच्चे कार्य कर सकते हैं। इस प्रकार प्रत्येक चित्राधार के दोनों ओर कुल मिलाकर छः बच्चे कार्य कर सकते हैं।

इस अवस्था में कागज काटना, फाड़ना, मोड़ना तथा चिपकाना सम्मिलित किया जा सकता है। भिन्न-भिन्न प्रकार के कार्यों के लिये अलग अलग रंगों तथा सतहों वाले कागज बड़ी आसानी से काम में लाए जा सकते हैं।

९ से १२ वर्ष की उम्र तक अनेक रंगों के घुलने वाले पाउडर-रंग (powder tempra colours) कार्य करने के लिये दिये जाने चाहिये। इस अवस्था में बालकों को शुद्ध और मिले हुए रूप में स्वयं ही रंग तैयार करने की स्वतंत्रता दी जानी चाहिये तथा निर्देशन दिया जाना चाहिये। इससे उनको रंगों को जानने पहचानने की शक्ति बढ़ेगी। कागज पर सीधे ही रंगों को मोम के साथ मिलाने (waxing) एवं घुलाने से विभिन्न प्रकार के प्रभाव उत्पन्न किये जा सकते हैं। रंग मिलाने के लिये तश्तरियां तथा कलर प्लेट दिये जाने चाहिये।

भिन्न-भिन्न रंगों तथा सतहों के कागज कार्य कराने के लिये दिये जाने चाहिये। कत्थई क्राफट पेपर तथा काले रंग के पेस्टल पेपर बहुत उपयोगी होंगे। बच्चों के द्वारा कुछ विशेष प्रकार के हाथ से बने हुए खुरदरी सतह वाले पुट्ठे बहुत पसंद किये जाएंगे। इस समय भारतीय सेबल के बालों के बने हुए गोल और चपटे अलग-अलग नंबरों के ब्रश सबसे अच्छे रहेंगे।

चिकनी मिट्टी का काम उन्हें शक्ल और आकृति की एक स्पष्ट धारणा देंगे। इस स्थान पर बालकों को अपने प्रयोग करने तथा अपना अनुभव बढ़ाने का अनेक दिशाओं में बहुत अधिक अवसर है।

यदि संभव हो तो कुम्हार का चाक, जिसे घुमाने के लिये यांत्रिक पद्धति भी हो, उपयोग में लाया जाना चाहिये। इसमें रचनात्मक अभिव्यक्ति के लिये बहुत अवसर है तथा रुचि और भावनाओं की सहजता की बहुत संभावना है।

बनाए हुए मिट्टी के बर्तन बड़ी आसानी से सजाए जा सकते हैं जिससे बहुत आनंद और संतोष प्राप्त होता है। इस अवस्था में बालक अपनी रचनात्मक क्रियाशीलता के प्रति बड़ी गंभीरता रखते पाये जाते हैं, और यदि उन्हें ठीक तरह का मार्गदर्शन तथा उपयुक्त सामग्री दी जाय तो वे बड़ी रुचि प्रदर्शित करेंगे। ऐसा न होने पर यह देखा जाता है कि बालक हताश हो जाते हैं तथा उनकी रुचि बातचीत तथा खेल में बदल जाती है।

इस स्थान पर अध्यापक को सहानुभूतिपूर्वक इन चीजों को रोकने का अपना कर्त्तव्य पूर्ण करना चाहिये। बालकों को अभिव्यक्ति का मुक्त अवसर देने के लिये रचनात्मक कार्य वाली अनेक गतिविधियाँ आरम्भ की जा सकती हैं।

आल, रबर के टुकड़ों, एवं नर्म लकड़ी से छोटे छोटे चौखठे बनाना तथा उनसे छपाई करना तथा ईंट का काम निश्चित रूप से उन्हें आकर्षित करेगा। जड़ों, ब्रश तथा प्रकृति में पाई जाने वाली अनेक वस्तुओं के द्वारा कार्य उनके लिये बड़ा ही आकर्षक है।

इस स्थान पर आकृति, रंग तथा बनावट बालकों के गंभीर ज्ञान के लिये बहुत महत्वपूर्ण हैं। वे गति, अभिव्यक्ति और प्रभाव को समझते हैं।

एक योग्य और मधुर स्वभाव वाला कला शिक्षक, जिसे मनोविज्ञान और बाल मस्तिष्क का स्पष्ट ज्ञान हो, सफलतापूर्वक बालकों को सम्भाल सकता है और छोटे, अशिक्षित बालकों से अच्छा और उच्च स्तर का कार्य ले सकता है।

अच्छे परिणाम प्राप्त करने के लिये कला शिक्षक द्वारा जब और जहाँ आवश्यक हो सुझाव के रूप में दिया गया निर्देशन बहुत उपयोगी होगा।

यह कला शिक्षक ही है जिसे कि बालकों की उचित रूप में देख रेख करना है। उसे बालकों के स्वतंत्र विकास में बाधा नहीं डालनी चाहिये। कला रचना में उन्हें अपने व्यक्तित्व को नहीं थोपना है। ऐसा अनुभव किया गया है कि कला शिक्षक का रचनात्मक मस्तिष्क उतना प्रभावकारी नहीं हो सकता जितना कि बालकों की ग्रहणशीलता व संवेदनशील रचनात्मक गहराई। एक मात्र बालक ही उस 'परम कलाकार' की एक ऐसी रचना है जिसे कि उसने अपनी महान् ज्योति एवं प्रकाश का वरदान दिया है। यह बालक के हाथ में एक जलती हुई मशाल है। शिक्षक को चाहिये कि वह इस ज्योति को बालक के व्यक्तित्व में और भी अधिक प्रकाशित हो सकने की स्थिति में करे। एक बालक की कला-रचना की तुलना एक वयस्क की रचना से कभी नहीं की जा सकती, क्योंकि बालक में सदैव ही एक गहरा संवेदनशील आकर्षण होता है।

बालक को अब स्वयं अपनी ही विधि (technique) विकसित करने देना चाहिये। उसके कार्य की मौलिकता और व्यक्तिगत विशेषतायें प्रगट होने देना चाहिये। उसे आगे प्रकाश में आने देना चाहिये। लोहे की दीवार के पीछे नहीं रखा जाना चाहिये।

---

spectrum/1



Learning by doing

Notes on child education

MULK RAJ ANAND

IF the fundamental aim of education is to create integrated individuals in a new and changing world, then the point of view behind the whole educational process has to be different from that of the 19th and early 20th centuries' outlooks.

After the decay of our indigenous feudalistic education, conducted in the temples and mosques schools, to the tune of the punitive rod, there prevailed, for over a hundred years, the British-Indian factory system in education, producing millions of Babus, uniformly conditioned to serve as robots in the smaller posts of the bureaucracy. The

evil effects of the previous periods have lingered in the reformed education system of free India, because our own government has not attempted anything like a reorientation of the methods suggested by the critics of the old bad practices. The words of Gandhi, Zaqir Hussain, Saiydain and others have fallen on deaf ears. There is a strange irony that "Basic education", Dr. Zakir Hussain is forced to confess, "as applied in most of our primary schools today, is a fraud".

And yet the truth has not been faced that, if our new generations are to become anything like balanced human beings, in the new, free, democratic socialist order, through a planned agro-industrial system, then the education of the individuals who will make this society, has to be revolutionised. No half measure will do, nor can we allow temporising and compromises in the radical alteration of the approach towards the mental and social growth of the child. In this matter the findings of the important thinkers of the world prove that the present large-scale violence, disruption and despair (which threatens a world conflict) has its source in the stupidities of teachers and parents, involved in the mindless instruction of vital young pupils. The road to ruin seems so clear, and the disasters facing mankind seem so certain that the new free societies in Asia and Africa alone may be able to halt the breakdown, because they are starting afresh.

But the central joint, on which concentration is necessary before the revolutionary change asked for can take place, is so subtle that the average, badly taught, teacher, and the ignorant fond parents cannot often understand the situation. Let us explain this here.

Advance psychology assures us that the child is at birth a blob of energy with certain physical and instinctive attributes. Under the stimuli provided by mother's milk, or the bottle and later more solid foods, it gradually grows into the awareness of its surroundings. It learns most things by moving the hands, seeing and differentiating colours, hearing sounds, tasting all objects, and by smelling everything, like a puppy. During the first few years its basic responses, mixed with some hereditary traits, give it a mind in which instinct is more dominant than idea and in which image precedes concept. Later the millions of feet of image sequences, of great complexity, are built up at the back of its head, in memory pictures. And, through the sensory and mental information, the knowledge and experience, built up, in the interests of the primordial instincts, of hunger, love and ego expansion, it grows into adolescence. The conflict of urges, involving the criticism of life, give to the adult youth, a certain degree of awareness of individual rights, as well

as responsibilities to society. This relationship, between one growing organism and the other growing organisms, is always in a state of imbalance. The purpose of education is to so stimulate the instinctive, sensory and mental life of the eternally growing individual as to help him to overcome the hindrances in his organic growth, and to transform his personality through his imagination, enabling him to adjust himself to his surroundings. In the light of this, all education becomes self education. The teacher, the parent and society, are merely instruments for providing the necessary stimulus and opportunities for development. Thus all stereotyped instruction, imparting of information, and sermonising, is really a minor part of the process of education, often putting more handicaps in the way of the individual than helping him. And the examinations, or tests of the store of ideas of a pupil, frequently damage the mind, as well as the natural flow of the instinctive life towards perfection, inevitable to all human beings. This is the reason why men of compulsive genius have often refused to go to school and have tended to break all the rules of society made by ordinary men for ordinary men. The search for perfection, which is biologically necessary to the birth, growth and emancipation of the human being remains an ever present challenge, so that truly civilised men will spend the last ounce of energy for the cultivation of all their faculties or the doing of a job. Some of the greatest examples of individual growth, like Plato, Leonardo and Shankara, afford examples of men whose comprehensive grasp of the processes of life came through learning by doing.

Of course, the near perfect individuals of the past ages had to fight against greater odds to achieve awareness than is necessary in our own democratic age, where opportunities for education are more widespread. Only the responsibilities of the individual today are far more comprehensive and the opportunities have certainly not kept pace, in all parts of the world, with the demands of every potentially free individual. And in the universe of shortening communications, with various countries on earth as well as with the planets, the necessary intensive growth of the individual has lagged far behind the potentialities. Actually, men of the stone-age mentality claim, through mere literacy, and without any true education, to lead the world in the organised hunt of war or local tribal warfares.

Learning by doing then, which is the root of self education, is the core of the education process.

The whole problem is as simple as that, but it is very much more complex, specially in the implications it has for

the need to change the process from *learning by rote* to *learning by doing*.

The reason why I have asked for a revolutionary change in education is because the whole process which has, by and large, been so far practised, is based on the summary view that every child comes to the world possessed of a fully grown one. This view has to be changed to the standpoint that every child comes to the world as a blob, with certain potentialities for cultivation and growth. What has vaguely been called the soul of a child is its rhythmic life. This comes out in the spontaneous kinetic movements which express exuberant energies through the hand, or take the form of eye play with colour, or lead to spontaneous dance and song.

Nature has conditioned this rhythmic flow into pleasurable activities, which in the form of play are the first steps in the education of the newly born. Later, these rhythmic activities naturally lead to the drawing of images of various fancies, obsessions, and pleasure-pain contacts. If the creative act of drawing or dance, or song, is inhibited, the growing child will compensate itself by indulgence in perversities of the utterly ego-centric acquisitive man, who will seek to dominate others without any sensitiveness to their individualities. On the other hand, if the rhythmic flow is allowed to function freely, then learning by doing will become an integral part of the make-up of the child, and a relatively balanced creature will seek to control himself and the environment with greater ease and without hurting others.

This is not the place to describe in detail the processes by which learning by doing can almost be evolved into a whole new curriculum in education. All one can say is that the new *mantram* for the education of a free citizen of India, in the 20th century, must be 'Learning by doing.'

"Naya Shikshak" April, 1966

स्व० आचार्य श्री नन्दलाल बसु



WORDS AND SYMBOLS
K. C. S. Paniker
Oil 150×167 c. m.





Photo : Lalit Kala Akademi, New Delhi.



GRAPHIK
V. K. Shukla
Woodcut 53×36 c. m.

Photo : Lalit Kala Akademi, New Delhi.

MEDITATOR
Kumar Mangal Singhji Gohil
TEMPERA—44×64 c. m.




Photo : Lalit Kala Akademi, New Delhi.

THE CITY
Ajit Singh Rao
Mural 12′×5′ (College - oil paint, steel, wood)




Photo : Ajit Singh Rao

WORLD OF HIS OWN
Y. D. Deolalikar
Water Colour 92×12 c. m.




Photo : Lalit Kala Akademi, New Delhi.



PLANTS AND BEDS
Miss Anju (4)

THE WINTER-FIRE
Amit Kumar (11)







A CRYING MAN
Anil Verma (4)




LEADERS
Pradeep Mittal (9)



TREES AND BOYS
Ashok Gupta (4)



BIRDS : with grains of corn swallowed
Miss Vimla Goyal (6)



FULL OF FEARS
Manoj Mathur (6)

He continues the tradition of his forefathers

A skilled
master craftsman
of stone work, Dungarpur



Photo : Ram Dhamija



PRE-HARAPPAN SHERDS
Kalibangan, Bikaner
Archeology Department
of India

GANGORE PROCESSION
A recent mural painting done in the traditional Rajasthan style by the well-known painter Kripal Singh Shekhawat at the Jaipur Rly. Station





GOLD ENAMELLED CUP
with lid and handle
A work of consummate beauty by the Gold Enamel workers of Jaipur—*Mughal Period.*

The busy hands





The Creation





Art education today

B. C. SANYAL

NATIONAL policy on education is moulded to serve the educational needs of the time. The outlook on art education must also take note of the requirements of contemporary society and adjust the training to the prevailing temperament. The courses of study must be designed to fulfil the cultural needs of the age. A student of art must also share broader intellectual interest to broaden his vision.

Let us now examine the nature of changes that have taken place in India since Independence. It may not be very obvious on the surface, but the adoption of socialistic pattern of society, industrialisation and enactment of

social laws like abolition of untouchability, have brought about a new national outlook and vision of the future society. Balanced thinking however, is necessary in the current mood of the country. In attaching all out importance to science and technology there exists the danger of ignoring or minimising the importance of aesthetic sensibility. The attainments in the realm of artistic creativity cannot be allowed to be neglected. Art education today, therefore, calls for a re-oriented approach to the new situation. This should aim at inculcating an awareness of the responsibilities of the artist-designer in the contemporary society. The system of art education should be broad-based enough to equip the Indian citizen with such sensibilities not to remain indifferent or immune to the influences of the Fine Art. Education in art, therefore, should be spread out in stages, from the primary and secondary to the university level. Formal instructions in draftsmanship and diverse techniques in graphic expression are as important as the study of history and culture. A student of art must learn from the work of the past and understand the values of tradition. He will indeed be poorly informed if he has not learnt to appreciate the significant changes in vision from age to age.

Let us refer to the training of the professional painter, sculptor and the graphic artist. An art school at its best trains the perceptive individual in the means of articulation through the chosen media. The method of teaching must be objective and analytical. The art student eventually will have to apply his class-room lessons to a creative end. He will also be called upon to apply his skill and creative energy to some practical aspect in the life of the society. The artist of tomorrow will have to meet new demands made on his talent. He will have to satisfy aesthetic problems of the industrially advanced people and the State. With economic progress our cultural need will expand.

Is our present set-up in the art schools adequate to prepare the art students to confront the new demands ? Have we the vision to reorganise courses of instruction ? Programmes of studies are required to be far more intensive and oriented towards specialisation. The syllabus must include the study of the basic crafts, like pottery, weaving, carving and casting. In fact, the study of drawing, painting and modelling need to be integrated with the practising of handicrafts. The modern artist will cease to be the traditional painter or sculptor, but has to emerge as a technocrat with creative vision. Moreover, visual communication in a socialistic society will be dynamic rather than esoteric. It is important, therefore, to resolve the conflict between traditionalism and contemporariness in the philosophy of our art education of the modern age. •

"Naya Shikshak" April, 1966.



Art and art critics

SUDHIR KHASTGIR

ARTISTS are often misunderstood. This is my personal experience. They are often misunderstood because those who see their works often expect what they want to see in them and ignore what artists want to say in their works.

Art appreciation is also a matter of study as much as an artist requires to learn from life and nature.

I have taken round different types of visitors in Art Exhibitions and found majority of them are anxious to tell what they like or do not like. Some visitors completely expose their ignorance by doing that. By taking round different types of visitors in Art Exhibitions and listening to their likes and dislikes, I found one thing, that people do have variety in their likes and dislikes and they differ very much.

अपने देश के विभिन्न राज्यों में उद्योग-शिक्षण के मूल्यांकन की अलग-अलग विधियाँ हैं, पाठ्यक्रम अलग हैं, शिक्षकों के आर्थिक, सामाजिक, बौद्धिक स्तर भिन्न-भिन्न हैं। संक्षेप में हम इतना ही कह सकते हैं कि हर कोण से, हर पहलू से उद्योग शिक्षक को समान स्तर प्राप्त होना चाहिये ताकि कुंठाओं, द्वेष, ईर्ष्या, असमायोजन, कर्तव्य से पलायन आदि अवगुणों से बचाया जा सके। आन्तरिक मूल्यांकन की प्रथा यद्यपि अच्छी होती है फिर भी बाह्य परीक्षा की भी उतनी ही आवश्यकता है अतः जिन प्रान्तों में डिपार्टमेण्ट, बोर्ड या यूनिवर्सिटी बाह्य परीक्षाएँ उद्योग में नहीं रखतीं, वहाँ बाह्य परीक्षाओं को लागू करना चाहिये।

उद्योग पढ़ना प्राथमिक, माध्यमिक तथा उच्चतर माध्यमिक श्रेणियों में हर प्रान्त में अनिवार्य रूप से होना चाहिये। बेशक एक बालक एक ही उद्योग क्यों न सीखे ! आखिर उसे कुछ तो

व्यावसायिक शिक्षा लेनी ही है। राजस्थान में सेकेण्ड्री तथा हायर सेकेण्ड्री कक्षा में अनिवार्य रूप से प्रत्येक विद्यार्थी को कोई भी एक व्यावसायिक अध्ययन करना होता है यह बहुत ही अच्छा है।

प्राथमिक शालाओं में अब भी वास्तविकता यह है कि उद्योग के नाम पर लेश मात्र भी कार्य नहीं होता। जहाँ होता है उनकी संख्या नगण्य है। हर कोई प्राथमिक स्तर पर की पढ़ाई पर बहुत ही जोर देते हैं, सुझाव देते हैं। जे. पी. नायक की एक वार्ता में उनके विचार थे कि अमरीका में प्राथमिक शालाओं में पढ़ाने वाले अध्यापक पी.एच.डी. तक मिलेंगे। अपने देश में क्या है, किस परेशानी में वह गरीब मास्टर स्कूल के वातावरण में पहुँचता है जो सारे समय या तो वह अपने परिवार के पेट भरने की चिंता में ही खोया रहता है या फिर किसी भी तरीके से कोई आमदनी के स्रोत ढूंढ़ने में अपनी शक्ति नष्ट करता रहता है ? उसे क्या पता कि पाठ्यक्रम क्या है ? बालक क्या है ? उनका भविष्य क्या है ? फिर हम उद्योग को उनके सामने रख दें तो क्या करेंगे वे, और क्या करेंगे हम ?

माध्यमिक तथा उच्चतर माध्यमिक स्तर पर तुलनात्मक दृष्टि से स्थिति कुछ ठीक है। एवं प्रान्तीय स्तर पर एक उद्योग-शिक्षक प्रशिक्षण संस्थान होना चाहिये जो शिक्षण विधियों का तथा सिद्धान्त मनोविज्ञान का प्रशिक्षण दे सके। स्नातकोत्तर प्रशिक्षण के लिये बहुत पुरानी संस्था राजकीय रचनात्मक शिक्षक प्रशिक्षण महाविद्यालय, लखनऊ की कोई तुलना नहीं। अभी हाल ही में प्रारम्भ किये गये कुछ पाठ्यक्रम जो क्षेत्रीय शिक्षण महाविद्यालयों में चल रहे हैं इनका प्रयास वास्तव में उद्योग जगत् के लिये लाभकारी होगा। परन्तु हमारी समस्या केवल शहरों तक ही सीमित नहीं है। हमें ग्रामीण वातावरण को तो विशेष ध्यान देना है। उनके लिये ये विद्यालय शायद सफल नहीं हो सकेंगे। राजस्थान विश्वविद्यालय द्वारा उद्योग शिक्षक प्रशिक्षण पर दो वर्ष का एक डिप्लोमा कोर्स प्रस्तावित किया गया है जो वास्तव में ग्रामीण एवं शहरी दोनों वातावरण के अनुरूप है। इस प्रकार का कोई पाठ्यक्रम राजस्थान में नहीं है। शिक्षा विभाग इस पक्ष में चिंतन करे कि जहाँ बेसिक एस.टी.सी. में उद्योग पढ़ाने की व्यवस्था हो, हायर सेकेण्ड्री तक उद्योग पढ़ाने की व्यवस्था हो, वहाँ विश्वविद्यालय स्तर पर प्रशिक्षण केन्द्र की कमी क्या स्पष्ट नहीं मालूम पड़ती (रीजनल कॉलेज, को छोड़ कर) ?

राजस्थान के तीनों विश्वविद्यालयों में बी. एड. पाठ्यक्रमों में अनिवार्य रूप से कला एवं उद्योग के प्रशिक्षण का कोई स्थान नहीं है विशेष योग्यता के रूप में कला एवं उद्योग लिया जा सकता है। गत आठ वर्षों में जहाँ तक मुझे स्मरण है राजस्थान विश्वविद्यालय से केवल चार ही अध्यापकों ने कला एवं उद्योग को विशेष योग्यता के रूप में स्वीकार किया। इस संबंध में पंजाब विश्वविद्यालय के बी. एड. पाठ्यक्रमों को देखा जाय जहाँ अनिवार्य रूप से कला या उद्योग का प्रशिक्षण प्रत्येक अध्यापक को करना होता है। 'बोर्ड ऑफ स्टडीज' के विचारने का प्रश्न है "क्या एक अध्यापक बिना कला व उद्योग की सामान्य जानकारी के पूर्ण रूप से सफल अध्यापक हो सकता है ?" एक ओर अध्यापक से यह आशा की जाय कि वह 'दृश्य-श्रव्य' सामग्री का उपयोग करे–पाठान्तर क्रियाओं में भाग ले–

'माडल्स' बनाये, 'लेख' सुधारे तो क्या यह आवश्यक नहीं कि उसे कला एवं उद्योग का अनिवार्य रूप से प्रशिक्षण दिया जाय ?

उद्योग अध्यापकों की मानसिक स्थिति भी विचारणीय है। यह तो सदैव से चला आ रहा है कि हर कोई एक स्तर का नहीं हो सकता परन्तु प्रयास ऐसे होने चाहिये कि हम सभी को समान दृष्टि से देखें। उद्योग शिक्षक के पद, योग्यता, अनुभव, वेतन आदि में सामान्य अध्यापकों से भिन्नता सदैव रही है और यही उनकी मानसिक अशान्ति का कारण भी है। एक उदाहरण प्रस्तुत करूंगा। राजस्थान विश्वविद्यालय की बी. एड. कक्षा में बुनियादी शिक्षा सिद्धान्त पढ़ाने वाला अध्यापक तो लेक्चरार कहलाये और उसी क्षेत्र में उद्योग पढ़ाने वाला क्राफ्ट-टीचर। यह बात समझ में नहीं आती कि उद्योग पढ़ाने वाले यदि लेक्चरार की योग्यता के बराबर ही हों फिर उन्हें लेक्चरार कहने में क्यों रुकावट आती है ? 'टीचर' 'अध्यापक' शब्द इतना विशाल है कि व्यक्ति लिखने में गौरव समझ सकता है, तो क्यों न प्रोफेसर और लेक्चरार को केवल अध्यापक ही कहा जाय। इस प्रकार सोचना शायद असम्भव ही होगा तो यह भी विचारने की बात है कि इस प्रकार महाविद्यालयों के उद्योग शिक्षकों में कितनी मानसिक शान्ति होगी। वे वेतन की दृष्टि से तो सदैव पिछड़े रहे ही हैं और स्तर की दृष्टि से भी बराबर नहीं। अन्य प्रान्तों की स्थिति संतोषजनक है। कई बार यह प्रश्न आता है कि उद्योग शिक्षक कम पढ़े लिखे हैं। इस बारे में इतना ही कहना पर्याप्त होगा कि हर क्षेत्र में डिग्री, डिप्लोमा प्राप्त स्नातक मिल सकते हैं यदि उन्हें समान पद एवं वेतन दिया जाय।

उद्योग कला के प्रति भावनायें बचपन से ही पड़ जाती हैं, अतः बालकों की प्रारम्भिक आयु में तो इन क्रियाओं के प्रति विशेष रुचि जागृत कराने का प्रयास करना ही चाहिये। हर प्रान्त में पहले बड़े नगरों में फिर छोटे नगरों में 'बाल-भवन' खोले जायँ जहाँ बालक-बालिकाएँ मनोरंजन तथा पूर्व व्यावसायिकी शिक्षण हेतु कला व उद्योग की विभिन्न क्रियात्मक एवं उपयोगी प्रक्रियायें कर फुरसत के समय का सदुपयोग करें। इस संबंध में जो धन व्यय होगा वह व्यर्थ नहीं जायेगा। बालक कला, उद्योग, साँस्कृतिक क्रियाओं को 'पाठान्तर क्रियाओं' के रूप में ही स्वेच्छा से लेने लगेंगे जो उन्हें व्यावसायिक शिक्षा की ओर प्रेरित करने में सहायक होंगे।

आज हम जब स्पष्ट देख रहे हैं कि महाविद्यालय की कोरी पढ़ाई से देश में बेरोजगारी की समस्या घट नहीं रही है, बढ़ रही है तो क्यों न उद्योग, कला आदि विषयों को लेकर व्यावसायिक शिक्षा देने के लिये और भी अधिक प्रेरणा दी जाय। जो संस्थायें चल रही हैं उनके पाठ्यक्रमों में समय-समय पर परिवर्तन किये जायँ, नई संस्थायें खोली जायँ, शिक्षकों के स्तर में समानता लाई जाय। वे अपने आपको पहचानें, अपने कर्तव्य को समझें, अन्यथा जो आदि काल से चला आता उद्योग का अध्यापक है वह क्राफ्ट-मास्टर का क्राफ्ट-मास्टर ही रहेगा, जो भावी सन्तति है वह कला-उद्योग के प्रशिक्षण से वंचित रह जायेगी।

The fourth dimension in teaching crafts

K. N. SRIVASTAVA

THE teaching of crafts in schools should be viewed in the same perspective as they have been developed and have come down to the present day from the beginnings of human civilisation. The crafts in human life had their origin in the inherent urge in man to exploit and utilise the surrounding natural resources to satisfy his basic needs of life. A study of the progress of human civilisation reveals how man has passed through myriads of sequential stages in the process of the evolution of arts and crafts. Human intelligence has constantly been exercised in the exploitation of nature for the growth and development of crafts.

Before the institution of the school was conceived the education of children was mainly in the arts and crafts of life given through apprenticeship with parents. The education of girls even today in Indian homes is primarily given through apprenticeship. The mothers

prepare girls in the mothercraft and in the responsibilities as housewives through deliberate and continuous efforts in day-to-day work. The education of girls through apprenticeship is universal in all countries of the world irrespective of the stages of their advancement. It is, however, true that the responsibility for such an instruction is increasingly being passed on to the formal agencies of education as in the case of several other aspects of Education.

Coming to the original question of the place of crafts in education in the historical perspective, it can be said that the origin of schools was mainly due to the inability of parents to educate their children in the face of growing knowledge, advancement of civilization and their own increasing occupation in daily work. The starting of the system of educating children in formal schools was also the starting point of drifting away from the realities of life or, in other words, developing a divorce between life and learning. The history of educational thought and practice is nothing more than a narrative of how, with the march of time and with an advancement of knowledge, the schools in the world continued to drift away from life and how educators, one after another, struggled to find out methods for humanising education. The industrial revolution has augmented the reform movements in education by also putting wheels under educational thinking in different countries of the world. Educational thinkers, planners, parents, teachers and politicians are now moved under the crushing wheels of industrial revolution to refashion the educational system to suit the new era of science and technology.

Purposeful Goals and Productive Careers

In brief, as far as craft education is concerned, certain definite stages can be deciphered which are meaningful to our discussion here. The stages can be stated as : craft education through apprenticeship, education in 3 R's, education as abstraction oriented to adult needs ignoring the significance of craft in life, craft education as a vocation and terminal in character and education as living and as a preparation for life with a definite goal. The educational systems of different countries have more or less passed through these stages according to the pace of industrial development in them. It is difficult to separate these stages into water-tight compartments. In India, the educational system tended to remain liberal than vocational during the British rule. With the onset of industrialisation, the struggle for freedom and the impact from outside, education in crafts as such began to gain a position of significance in our educational system. The contribution made by Gandhiji in this respect will remain in the uppermost in the history of Indian education. The scheme of Basic Education is the first genuine effort in our

country to place craft as an integral part of the education of the child. The scheme of Basic Education might have failed due to its certain inherent difficulties or due to ineffective teacher training or lack of seriousness of purpose in educational administration, yet it succeeded full well in focussing the attention of our country-men on the place and scope of craft education in the educational system. The attitude of the common man always remains favourable to learning crafts primarily because of its economic value, but its utility in life is now being increasingly recognised even by the higher-ups who sometime back frowned upon such a proposition in our country. The people at higher levels are now more inclined towards an education which has specified purposeful goals and which puts the educated youth on productive careers.

Education in crafts, vocational education, terminal education, purposeful education, career-oriented education, etc. are now becoming common slogans in the realm of education. The swing is in the direction of materialistic education rather than of liberal education. Education with materialistic outlook is good so far as it goes in satisfying the basic needs of life. It is bad when it diverts man's attention, in a galloping manner, from the "worthful" to the "useful". It is a point of education on which this article is being written for patient consideration. There are two sides of craft education, namely, education in crafts as such and career-oriented education—the latter expression is used here in place of vocational education to symbolise the current thinking in education. The discussion in this article is confined to the teaching of crafts in schools to bring out the focal point of its unvisible fourth dimension.

Craft and Curriculum

Unfortunately, the position of the craft in curriculum and of its teacher in the school is the lowest. The situation is somewhat comparable to the position of the Indian languages and of their teachers during the British rule in our country. No reformatory steps can be taken for improving craft education until the position of the craft and the status of its teacher in the school are improved. The quality of craft teachers is at low ebb at all the stages of the school system mainly because of their poor academic preparation. Almost all the craft teachers, including those working in secondary schools, have general education up to the secondary education standard. Training in crafts is taken for one or two years in training schools for crafts. Because of the low prestige associated with crafts, the position of craft teachers in school and poor emoluments offered to them, very few brilliant students, specially coming from good homes, are attracted

towards training in crafts to become teachers. It is also true that efficient craftsmen working as teachers in schools are very poor in academic performance while the few who have received some collegiate education do very poorly on the crafts. Both the situations are disheartening from the viewpoint of scientific and intelligent teaching of crafts and relating its teaching with higher and nobler human values. Craft teaching in our country requires two-pronged improvement in the directions of fine craftsmanship in the context of modern science and technology and of humanising its teaching.

Power of the Raw Materials

Apparently, the craft teacher remains preoccupied in his class-room with the three dimensions which the material objects naturally assume and hardly gets any time to conceive of the perspectives in which the crafts have developed or have occupied position in the development of human civilization. Handling of crafts with children demands an intelligent understanding of both the materials under transformation and of the minds of children undergoing similar changes. The teaching of crafts is impregnant with potentialities to bring the two closer to each other to play their corresponding roles in shaping the natural and inherent endowments. The raw materials of crafts are inanimate, yet, as they are the primary products of nature, they have the "powers" to convey a message to the children about the richness of the nature's endowment and the man's potential capacity to transform them for the good of humanity. Do we ever make an attempt to see this inherent interrelationship between human intelligence and the inanimate articles of nature ? Do our craft teachers, by and large, attend to this interrelationship in the education of our children ? And are our craft teachers academically prepared to discharge such a responsibility for educating the minds of children ? The teaching of crafts is said to realise quite a few values in the realms of developing mental faculties, aesthetic sense, understandings and appreciations. These higher values are the points of realisation in the programme of total education of children through the teaching of school subjects, conducting curricular activities, organising co-curricular programmes and manipulation of the environment. The teaching of craft cannot be absolved from this responsibility. As a matter of fact, the craft, the concrete, the real and the worthful, can be made an effective instrument in developing in children an intelligent understanding and appreciation for the socio-economic problems of the world. This is already talked about much in pedagogical science and, therefore, need not be elaborated here. It may, however, be pointed out that a discussion on this has a perfect

relevance to the subject under consideration. A few more important considerations that need our attention in this article will be elucidated upon. The teaching of crafts must relate to the building up of the following perspectives.

1. Human Perspective

The teaching of crafts involves three basic elements, namely, the natural materials, the tools developed by man to refashion the natural materials and the intelligent human potential itself. The development of crafts is the culmination of a fair and satisfactory combination of the three elements at any time in the history of the development of civilisation. By the application of human intelligence, tools of different kinds were developed by man to harness the natural materials to satisfy the human needs. Apparently, the natural materials have remained a constant factor, while the tools a variable factor and the human potential as well a variable factor, as far as the relative position of the three is concerned. It is also a truism that the tools and the human potential have reciprocally developed each other. Man kept on developing tools all the time from the times immemorial. The tools in their turn developed human intelligence as they opened new avenues to exploit the natural resources and to refashion them for better human use. This, in a nutshell, is the ecology of the growth and development of crafts in the world. Therefore, the question is whether the teaching of crafts has anything to do with the building up of such a perspective in the minds of children. Is it possible for any learner of a craft to become creative in his work and in his productions without building up in himself an understanding of an appreciation for the inter-active position of the three ? To arrive at a suitable answer to this question we have to distinguish between learning of crafts as a craftsman in its narrowest sense and learning of crafts as an educative activity in a formal system of education. Keeping in view the difficulties enunciated earlier in this article, a genuine effort should be made to develop methods of instruction in craft teaching for bringing home to the children the human perspective mentioned here. It is the salt of craft learning which must pervade in its teaching.

As the crafts relate to the three basic needs of life—food, clothing and shelter—their teaching must also be related to these three aspects of life in real field situations. The past experience of children in this regard must be drawn with a view to bringing out this perspective. Children should occasionally be taken to the field to demonstrate to them how it is continuously happening in life.

2. The Space Perspective

The teaching of crafts must develop global outlook in the children through building up the space perspective. The matrix of craft activities in the world is varied and rich. The varied cultural heritage in different parts of the world is expressed in terms of the nature and degree of the development of crafts. The unity in diversity of crafts can be observed in the world perspective in the differential combination of the three basic elements mentioned earlier. The stages of development in different countries of the world can be explained to a large degree by the stages of development of crafts in them. There are primitive people in certain parts of the world with primitive crafts resulting from poorly developed tools. Such crafts are found in primitive societies like the Eskimos, the Khirghiz and the Papuans. Still more developed are the crafts found in regions which are at present passing through the agricultural stage. Highly skilled crafts have developed in more complex societies which are under the influence of industrial revolution. Such a rich heritage of crafts must be brought home to the children when they are themselves engaged in creative craft activities. It should be revealed to the child, when he is reshaping through some kind of tools the natural materials, that he himself represents a definite stage of civilisation. He should be enabled to realise his own position in this respect in the country he belongs to and in the world as a whole. The learning of crafts may remain unmeaningful to him if he could not or did not relate himself and his craft activity with the diverse craft situations in different parts of the world. It is possible for the teacher to build up the space perspective in the minds of children as it concerns an activity programme. The teacher needs to be equipped with teaching materials demonstrating such relationships in human development.

3. The time perspective

As the crafts have developed today in the geographical sense, so had they developed in the sense of time. The world as a whole has been developing crafts since the times of the cave man. Leaving aside the complexities of the development of crafts, a few simple stages can be identified for use in schools. All these stages illustrated through the tools and their products can reveal to the craft learner the status of human beings at different times in their development. Already sufficient light has been thrown on this point in our earlier discussion. The crux of the whole problem is that the child needs to know how his ancestors lived a life of variety since the times immemorial through the medium of crafts activity. He needs to know how the human happiness in everyday life depended on the man's indulgence in craft activity. He needs to know how and to what extent man has been a rational and creative person to improve his happiness through his ability to invent tools for increasing utilisation of natural resources. He needs to know how he kept adjusting with his environment with the march of time for an effective and useful living. He needs to know how by the nature of his existence he has to continue to follow the footsteps of his forefathers in this direction. He needs to know how in the modern times, under the influence of wrongly oriented education, he has been continuously drifting away from the realities of life. He needs to know how he, as a man today, has to revive the dignity of labour inherent in a craft activity for the fulfilment of certain values in life. Education as a whole has to perform this function rather than to enable the growing children to drift away from it. The teaching of crafts in particular has to squarely share this responsibility. It can be done through a variety of ways by reforming craft education in our schools. It does not require abstractionism but an innovation of craft teaching. It is also true that such ideas and understandings can be developed even among youngest of the children.

To achieve all this, it is essential to raise the academic status of the craft teacher who in most of our schools is neither a craftsman nor an academician. The craft teacher of the order envisaged above requires a fair combination in him of professional training in craftsmanship and much higher academic orientation. Teacher training in crafts, therefore, needs a drastic change towards *professionalisation* of its training programme. This is a basic requirement which should be met with in all respects from the provision of its teaching in schools through personnel provision, training, administration, supervision, etc.

शिक्षा में शिल्प का स्थान

नन्दलाल बसु

मनुष्य ने अपने आनन्द की खातिर, अपने ज्ञान व अनुशीलन की खातिर कितने ही उपायों की उद्भावना की है, कितने ही आविष्कारों की सृष्टि की है – उन सब में भाषा का स्थान सर्वोपरि है। साहित्य, दर्शन, विज्ञान इत्यादि जिन विषयों की आज इतनी चर्चा है, वे भाषा के सहारे ही तो संपन्न होते हैं। निस्संदेह, साहित्य मनुष्य को आनन्द प्रदान करता है, किन्तु उसके प्रकाश की एक सीमा है, एक मर्यादा है। इस मर्यादित प्रकाश का अभाव पूर्ण होता है – शिल्प, संगीत व नृत्य इत्यादि कलाओं से। साहित्य का जैसा अपना एक उत्फुल्ल प्रकाश है वैसा ही उत्फुल्ल प्रकाश शिल्प, संगीत व नृत्य का भी है। मनुष्य अपनी ज्ञानेन्द्रियों से, अपने अंतर्मन से बाह्य-जगत् के समस्त पदार्थों का तत्व-बोध और रस-बोध ग्रहण करता है और अपनी उस ग्राह्य अनुभूति को दूसरों के पास व्यक्त करता है – शिल्प के सहारे। शिक्षा के क्षेत्र में शिल्पकला की सहायता से एक ओर मनुष्य के तत्व-बोध व रस-बोध का उत्कर्ष होता है और दूसरी ओर स्वयं शिल्पकला का अपना प्रकाश उद्भासित होता है। जिस प्रकार आँखों का काम कानों के द्वारा पूरा नहीं पड़ता उसी प्रकार चित्र, संगीत व नृत्य की शिक्षा केवल लिखने-पढ़ने से संभव नहीं हो सकती।

हमारी शिक्षा का आदर्श यदि सर्वांगीण शिक्षा से सम्पन्न कराना हो तो निस्संदेह कला-चर्चा स्थान व मान समस्त विद्यालयों में सभी प्रकार की लिखाई-पढ़ाई के साथ, उसीके समान होना चाहिये। अपने देश के विश्वविद्यालयों में अब तक शिक्षा की जो भी व्यवस्था रही है वह कतई पर्याप्त नहीं है। इसका कारण मेरे खयाल से तो यह है कि हम लोगों ने यह निश्चित धारणा बना ली है कि शिल्प-चर्चा कुछ ही पेशेवर शिल्पियों का अपना पुश्तैनी कारोबार है, आम जनता का उससे कोई सरोकार या वास्ता नहीं। शिल्प की यथेष्ट जानकारी नहीं होने पर यहाँ तक कि शिक्षित लोग भी गौरवहीनता महसूस नहीं करते, फिर जनसाधारण का तो पूछना ही क्या – फोटो और चित्र का फर्क भी वे तपास नहीं कर पाते। जापानी गुड्डे को कला की श्रेष्ठ प्रतिमूर्ति समझ कर वे अवाक् हो रहते हैं; भड़कीले तेज रंगों वाले लाल, नीले, बैंगनी जर्मन शालों को देखने से उनकी आँखें ग्लानि से पीड़ित नहीं होतीं बल्कि खुशी से उनमें रस ग्रहण करती हैं; मिट्टी के सहज प्राप्य, सस्ते व सुन्दर घड़ों के बदले, आवश्यकता की दुहाई देकर वे टीन के हल्के बदरंग कनस्तर व्यवहार में लाते हैं। इस सबकी जवाबदेही है–देश के शिक्षित समाज पर और मुख्यतया देश के विश्वविद्यालयों पर। सरसरी तौर पर विद्या के क्षेत्र में देश-वासियों की संस्कृति जिस प्रकार बढ़ती हुई नजर आ रही है उसी अनुपात में रस-बोध का क्रमशः बढ़ता हुआ दैन्य भी अत्यन्त कष्टदायक हो रहा है। इसके प्रतिकार का उपाय है – तथाकथित शिक्षित समाज में कला-शिक्षा का व्यापक प्रचलन क्योंकि यह शिक्षित वर्ग ही जनसाधारण के लिये आदर्शस्वरूप है।

सौंदर्य-बोध के अभाव से मनुष्य केवल रस के क्षेत्र में ही वंचित होता हो सो बात नहीं – वह मानसिक व शारीरिक स्वास्थ्य की दृष्टि से भी काफी क्षतिग्रस्त होता है। सौंदर्य-ज्ञान के अभाव से जो अपने घर में कूड़ा-करकट जमा करते रहते हैं, अपने आँगन में मैला बहाल रखते हैं, जो अपने शरीर व अपने वस्त्रों का मैल साफ नहीं करते, राह चलते घर की दीवारों पर, या रेलगाड़ी के डिब्बों पर थू-थू करके पीक थूकते रहते हैं – वे केवल अपने स्वास्थ्य की क्षति करते हों– ऐसी बात नहीं, बल्कि जातीय स्वास्थ्य को भी क्षति पहुँचाते हैं। उनकी इन दुष्ट प्रवृत्तियों के कारण समाज की देह में कई प्रकार के संक्रामक रोग फैल जाते हैं और उनके कुत्सित आचरणों के द्वारा जनसाधारण के सामने एक भद्दा आदर्श उपस्थित होता है।

हमारे समाज में एक दल ऐसे लोगों का भी है जो कला-चर्चा को धनी व विलासी व्यक्तियों का एकमात्र अधिकार समझकर उसे अपनी रोजमर्रा की जिन्दगी से अवज्ञापूर्वक दूर रखना चाहते हैं। वे भूल जाते हैं कि सुषमा ही शिल्प का प्राण है। आर्थिक मूल्य के द्वारा शिल्प-वस्तु का विचार नहीं किया जा सकता। गरीब संथाल अपनी मिट्टी की बनी कोठरी को लीप-पोत कर उसमें मिट्टी के बर्तन और फटे-पुराने गूदड़े तरतीब से सँवार कर रखता है। और उसके विपरीत कॉलेज में पढ़ने वाले आज के शिक्षित लड़के हॉस्टल की भव्य इमारत या मेस के कमरे में अपने बेशकीमती कपड़े या अन्य सुन्दर वस्तुएँ इधर-उधर पटक कर पूरा गड़बड़-घोटाला कर देते हैं। यहाँ दरिद्र संथाल का सौंदर्य-बोध उसके लिये प्राणवंत है, उसके जीवन का अंग है। और धनी सन्तान का सौंदर्य-बोध दिखावटी और प्राणहीन

है। देखता हूँ कि – शिक्षित लोगों के घरों में शिल्प की उपासना के नाम पर सुन्दर फ्रेम में मँढ़ा हुआ – कलेण्डर वाली मेमसा'ब का फोटो–उच्च कोटि के एक कलात्मक चित्र की बराबरी में टँगा हुआ है। छात्रों के बीच ऐसा भी देखने को मिलता है कि तस्वीरों के फ्रेम पर कपड़े झूल रहे हैं; पढ़ने-लिखने की मेज पर चाय के कप, काच, कंघा व कोको के डिब्बे में कागज के फूल सजाकर रखे हुए हैं। सजावट में-धोती के ऊपर खुले गले का कोट, साड़ी के साथ मेमसाहिबी फैशन के ऊँचे खुर वाले जूते – इस तरह सर्वत्र सुषमा का अभाव ही अभाव ! यह अभाव चाहे हमारी आर्थिक दीनता का सूचक हो या न हो, निश्चित रूप से यह हमारे सौंदर्य-बोध की दीनता का परिचायक है !

इसके उपरान्त एक और दल ऐसे लोगों का भी है जो कहा करते हैं– कला से कौनसा पेट भरता है ? यहाँ एक बात याद रखनी होगी कि जिस प्रकार साहित्य के दो रूप प्रचलित हैं – एक आनन्द व ज्ञान-प्राप्ति का और दूसरा स्वार्थ व अर्थ-प्राप्ति का। उसी प्रकार शिल्प-कला के भी दो रूप हैं – एक वह जो आनन्द देता है, दूसरा वह जो अर्थ प्रदान करता है। इन दोनों रूपों के नाम हैं – चारुशिल्प और कारुशिल्प। चारुशिल्प की चर्चा हमारे दैनन्दिन दुःख-द्वन्द्व से संकुचित मन को आनन्द लोक में मुक्ति देती है; और कारुशिल्प हमारी नित्य-व्यवहार में आने वाली उपयोगी वस्तुओं में सौंदर्य का स्वर्णिम स्पर्श देकर न केवल हमारी जीवन-यात्रा के पथ को सुन्दर बनाता है, बल्कि अर्थोपार्जन का पथ भी खोज देता है। कारुशिल्प की अवनति के साथ ही साथ देश की आर्थिक दुर्गति भी प्रारम्भ हुई है। सुतराम्, आवश्यकता के क्षेत्र से शिल्प को अलग करना, देश व जाति के लिये भी आर्थिक दृष्टिकोण से अत्यन्त हानिकर है।

शिल्प-शिक्षा के अभाव ने हमारी वर्तमान जीवन-यात्रा को असुन्दर बना दिया है। केवल इतना ही नहीं—हमारे प्राचीन युग के रस-स्रष्टाओं की सृष्ट-सम्पदा से भी हमें पूर्णतया वंचित कर दिया है। हमारी आँखें तैयार नहीं थीं, इसलिए अपने ही देश के गौरव—चित्र, भास्कर्य, स्थापत्य जो आज दिन तक हमारे लिए अबोध्य व अवज्ञात थे—उन्हीं महान् कृतियों को वापस हमें ही समझाने के लिये विदेश के मनीशियों को यहाँ लाजिमी तौर से आना पड़ा। आधुनिक युग की शिल्प-सृष्टि को भी जब तक विदेशी बाजार ठीक से परख नहीं लेता—तब तक अपने देश में उसका समादर नहीं हो पाता—यह हमारे लिये लज्जा की बात है।

अब इसके प्रतिकार में मोटे तौर पर कुछ आलोचना की जाय। शिल्प-शिक्षा में मुद्दे की बात यह है कि अच्छी-अच्छी शिल्प-वस्तुओं और प्रकृति को श्रद्धा की दृष्टि से देखना, उनका अधिक से अधिक संग व सहवास करना और जिन व्यक्तियों का सौंदर्य-बोध परिष्कृत हो चुका हो उन सबके बीच उठना-बैठना, पारस्परिक आलोचना के द्वारा शिल्प को समझने की चेष्टा करना। और इसके साथ विश्वविद्यालयों का अपना कर्त्तव्य यह है कि प्रत्येक स्कूल व कॉलेज में अन्य शिक्षाओं के साथ शिल्प-शिक्षा का भी स्थान रखना, परीक्षा के समय शिल्प की गणना अवश्य शैक्षणिक विषयों में करना, प्रकृति के साथ विद्यार्थियों का घनिष्ट परिचय हो सके इसको मद्देनजर रखते हुए छात्रों को

उपर्युक्त मौका व समय देना तथा तत्सम्बन्धी पर्याप्त व्यवस्था करना। इस अंकन-पद्धति शिक्षा के साथ-साथ छात्रों की निरीक्षण शक्ति बढ़ेगी—फलस्वरूप वे साहित्य, विज्ञान, दर्शन इत्यादि के क्षेत्र में भी सत्य-दृष्टि प्राप्त कर सकेंगे। सभी विद्यालयों में काव्य-चर्चा की व्यवस्था है, किन्तु इस विषय में विश्वविद्यालयों की परीक्षाओं में उत्तीर्ण हो जाने मात्र ही से जिस प्रकार कोई बड़ा कवि नहीं बन सकता, उसी प्रकार विद्यालयों में शिल्प-शिक्षण की समुचित व्यवस्था होने मात्र ही से सभी विद्यार्थी कुशल शिल्पी बन जायेंगे या उच्च कोटि की शिल्प-सृष्टि के लिए समर्थ हो जायेंगे—ऐसी आशा करना सर्वथा भूल होगी।

पहिला : बालकों के लिये विद्यालयों में, पुस्तकालयों में, पढ़ने के निजी कमरों में, निवास-स्थानों में कुछ अच्छी मूर्त्तियाँ, कुछ अच्छे चित्र एवं अन्य चारु व कारु-शिल्प के प्रतिरूप [इनके अभाव में उन सब वस्तुओं का फोटो या प्रतिच्छबि] सजा कर रखी जानी चाहिये।

दूसरा : उच्च कोटि की शिल्प-कृतियों के सुन्दर प्रतिरूप व सहज बोधगम्य भाषा में उनका इतिहास जिन्हें कि विद्यार्थी सरलता से समझ सकें – हमारे विश्वविद्यालयों को उपयुक्त व्यक्तियों के द्वारा यथेष्ट परिमाण में लिखवाने का प्रयत्न करना होगा।

तीसरा : छाया चित्रों की सहायता से बीच-बीच में स्वदेश और विदेश की चुनी हुई शिल्प-वस्तुओं से छात्रों का परिचय करवाना होगा।

चौथा : इस प्रकार की एक व्यवस्था बिठाई जाय कि जिससे समय-समय पर योग्य शिक्षण के साथ – निकटस्थ संग्रहालय या चित्रशाला में जाकर विद्यार्थी प्राचीन शिल्प-वस्तुओं की प्रतिच्छबियों को देख सकें। जबकि फुटबॉल के मैचों में खेलने जाने की व्यवस्था हमारे विद्यालयों द्वारा हो सकती है तो चित्रशाला या संग्रहालय का निरीक्षण किसी भी सूरत में असम्भव नहीं हो सकता। इस बात को मन में गाँठ बाँध कर रखना होगा कि अपनी आँखों द्वारा एक अच्छी कलाकृति को देखने-समझने से शिल्प-दृष्टि जितनी प्रखर व जाग्रत होती है, सैकड़ों व्याख्यान सुनने पर भी उतना नहीं होता। अच्छे चित्र या अच्छी मूर्त्तियाँ बचपन से देखते रहने से – भले ही समझ में आये चाहे नहीं आए – निश्चित रूप से बच्चों की दृष्टि परिपक्व होती है। इस क्रम से गुजरने के पश्चात् ही उनमें शिल्प-सम्बन्धी ऊँच-नीच बातें समझने की शक्ति आयेगी तथा क्रमशः उनमें सौंदर्य-बोध की जाग्रति होगी।

पाँचवां : प्रकृति के साथ बालकों का तादात्म्य स्थापित हो – इस उद्देश्य से विभिन्न ऋतुओं में विभिन्न उत्सवों का आयोजन करना होगा। और उन आयोजनों में होगा – उन ऋतुओं के फल-फूलों का अनुपम संग्रह। और शिल्प तथा काव्य में जिस ऋतु से सम्बन्धी जो भी सुन्दर काव्य-सृष्टि हुई है उसके साथ जितना भी सम्भव हो सके, उतना परिचय करवाने की व्यवस्था करना।

छठा : प्रकृति में जो भी ऋतु-उत्सव चल रहा हो उसके साथ लड़कों का परिचय कराना। शरत् ऋतु में धान के खेत व कमलबन – बसन्त में पलाश व सेमल के रूँखों का निरुपम प्रदर्शन, जिसे वे अपनी ही आँखों से देखकर उसका पूरा-पूरा आनन्द उठा सकें – वैसा प्रबन्ध करना। खास तौर से नगरवासी बालकों के लिये ऐसी व्यवस्था करना अत्यन्त आवश्यक है और ग्रामीण बालकों की इस ओर

दृष्टि आकर्षित करना ही पर्याप्त है। इन सभी ऋतु-उत्सवों के लिये विशेष छुट्टियों की आयोजन। करनी होगी ताकि ऋतु-उपयोगी वेशभूषा पहिनकर बाहर वन-उपवनों में खाने-पीने व खेलकूद का आनन्द उठाया जा सके। प्रकृति के साथ एक बार योग-साधन होने पर, उसे सचमुच ही प्यार कर लेने पर लड़कों के हृदय में रस-स्रोत कभी नहीं सूख सकता; क्योंकि युगों-युगों से प्रकृति ने ही शिल्पी को शिल्प-सृष्टि का उपादान जुटाया है।

अन्तिम बात यह है कि साल में किसी भी एक मौके पर विद्यालयों की ओर से शिल्प-सृष्टि का उत्सव होना चाहिये। उसमें प्रत्येक विद्यार्थी अपने हाथ से कोई न कोई शिल्प-वस्तु तैयार करके उसमें श्रद्धा के साथ योग देगा – भले वह शिल्प-वस्तु कितनी ही सामान्य क्यों न हो, उन लड़कों द्वारा सृष्ट शिल्प-वस्तु अर्घ्य-रूप में संग्रहीत होकर उत्सव को सदैव सज्जित रखेगी। सामूहिक नृत्य-गीत व जलूस इत्यादि के द्वारा उत्सव को सर्वांगीण सुन्दर बनाने की चेष्टा आवश्यक है। उस उत्सव की एक निर्दिष्ट तिथि मुकर्रर करना अत्यंत कठिन है क्योंकि देश-भेद के कारण उसमें परिवर्तन लाजिमी होगा। अपने बंगाल देश में शरत् ऋतु इसके लिये सर्वथा उपयुक्त है।

जहाँ तक हम जानते हैं भारतीय शिक्षा-क्षेत्र में एकमात्र रवीन्द्रनाथ ने ही कला-चर्चा को उपयुक्त स्थान दिया है। विश्वविद्यालयों की वर्तमान शिक्षा-पद्धति में उन्हें भी पग-पग पर बाधा प्राप्त हुई है। विश्वविद्यालयों में कला-चर्चा का स्थान न होने पर विद्यार्थियों के अभिभावकगण उसे अत्यन्त ही अनावश्यक मान बैठे हैं; इसके फलस्वरूप कई एक शिल्प-चर्चाओं की ओर जिन लड़कों का बचपन में विशेष अनुराग दिखलाई पड़ता है—वे भी प्रवेशिका-परीक्षा के एक दो वर्ष बाद कला-चर्चा की निरर्थकता के सम्बन्ध में सशंकित व सजग हो उठते हैं और उनका प्रारम्भिक शिल्पानुराग उसी समय से कम होते-होते अन्त में एकदम तिरोहित हो जाता है। इस विषय में सभी प्रकार की ज्ञान-चर्चाओं के केन्द्र-स्थल हमारे विश्वविद्यालयों को सावधान होने का समय आ गया है।

प्रसंगवश एक बात और कह देना चाहता हूँ—कि समस्त सामयिक पत्रिकाओं के सम्पादक जो किसी अपरिणत हाथ के अपरिपक्व काम को शिल्प की किसी धारा-विशेष का नाम देकर बाजार में बाहर फेंकते हैं, उनकी रुचिहीनता की अन्य निन्दा न करके केवल इतना कहना ही यहाँ यथेष्ट होगा कि वे अच्छा नवीन चित्र न पाने की हालत में अच्छा पुरातन चित्र ही छापा करें, किन्तु मित्रता अथवा आत्मीयता के लिहाज में फँसकर लोगों को पथ-भ्रान्त करने के अपराधी न बनें। चित्रों के निर्वाचन में गुणी व सौंदर्य-बोध सम्पन्न लोगों की सहायता जरूरत पड़ने पर लेनी ही पड़ेगी, क्योंकि सामयिक पत्र-समुदाय के भले या बुरे प्रभाव-विस्तार की शक्ति साधारण नहीं है।

मोटे तौर पर शिल्प के सम्बन्ध में शिक्षित समाज व विश्वविद्यालयों की उदासीनता कम होने पर शिल्प-चर्चा का समुचित प्रसार होगा और फलस्वरूप देशवासियों की निरीक्षण-शक्ति व उनके सौंदर्य-बोध में वृद्धि होगी—इसमें कोई सन्देह नहीं।

['रूपम' से साभार उद्धरित]

अनुवादक : **अनुराधा चटर्जी**

Bibliography



Correction Notice

SCIENCE EDUCATION NUMBER

(The Romance of Teaching)

Please read 'compact' for 'contact books' (line 19 from bottom) on page 66, 'founders' for 'founder' (line 6 from bottom) on page 67, $\frac{a+b^n}{n}=x$ for $\frac{a+b^x}{x}=x$ (last line) on page 67, $2^{2n}+1$ for $2^{2x}+1$(line 9 from bottom) on page 68, X^n for X^x (line 6 from bottom) on page 68, T^1 for T' (line 3 from bottom) on page 68, and T^1 for T' (last line) on page 68.

The error is very much regretted.

—*Ed.*

A select bibliography

on ART EDUCATION

ARTS

History of Art :

BOSAQUET, MARY. *Journey into a Picture,* Holder and Stoughton.

GARDNER, HELEN, *Art through the Ages,* Bell.

GOMBRICH, E. H., *The story of Art.* Phaidon

MILDRETH, GERTRUDE, *The Child Mind in Evolution : A study of developmental Sequences in Drawing.* King's 1941. 63p.

KAINES SMITH. S.C., *An outline History of Painting.* Medici Society,

KOWSHIK, DINKAR, *Age and image : a short survey of Indian Art.* Bombav, Allied 1963, 94p. & 47 plates.

MUNRO, THOMAS, *Aesthetics as Science : Its Development in America.* Aesthetics Art Criticism 9 : 161-207; 1961.

VINCENT SMITH, *History of Fine Art in India and Ceylon.* 3rd Ed. Revised by Karl Khandalavala. With 6 Colour & 194 Monochrome Plates.

Children's Art :

ENG. HELGA., *Psychology of child and Youth Drawing from the Ninth to the Twenty-fourth Year.* Routledge. 1957. 205p.

GAITSKELL, C. D., and GAITSKELL, M, *Art Education in the Kindergarten.* Toronto : Ryerson Press, 1956.

HOOVER, F. LOUIS, *Art Activities for the Very Young.* Worcester, Massachusetts, Davis Publications, Inc. 1961.

LOWENFELD, VICTOR, *Your child and His Art.* New York, Macmillan, 1954.

MUSEUM, *Art of the Young Child.* New York, the Museum of Modern Art, 1957.

NOLLER P. A. and WEIDER, ARTHUR. *A Normative Study of Human Figure Drawings for Children.* American Psychologist 5 : 319-20; 1950.

PAL, S. K., *Developing aritstic ability in children.* Shiksha, 8 (2) October, 1955, 113-117.

PHATAK, P., *Children's art production.* Education and Psychology Review, 3 (3) July 1963, 159-164.

PRAMILA PHATAK, *Children's drawing as a nucleus for child study.* Teaching, 29 (2) December 1956, 19-44.

VIOLA, WILHELM, *Child Art.* Uni. of London Press.

Teaching :

BELING, W. J. G., *The teaching of art in schools.* Teaching, 28 (3) March 1956, 73-77.

CHARLES, LOUIS BABRI., *The teaching of art.* Education Quarterly, 8 (29) March 1956, 36-39.

MUNRO, THOMAS. *Scientific Method in Aesthetics.* Norton. 1928. 101 p.

VYAS, K.C., *Teaching of fine arts in secondary schools,* Educational India. 28 (8) February 1962, 239-241.

Evaluation :

जस्वानी, के. के., कला की परख कला, दिल्ली, आत्माराम एण्ड सन्स

AMAR NATH SEHGAL, *An Experiment in art education,* Education Quarterly, 6 (26) June 1955, 103-105, plates.

GOODENOUGH, FLORENCE L., *Measurement of Intelligence by Drawings.* World Book, 1926. 177 p.

KINGET, G. MARIAN. *The drawing completion Test. A Projective Technique for the Investigatton of Personality.* Grune and Stratton. 1952. 238 p.

MUKHERJEE, SUSHIL KUMAR, *Instilling the appreciation of art.* Teaching, 28 (3) March 1956, 97-99.

NATIONAL ART EDUCATION ASSOCIATION, *Research in Art Education.* 7th Yearbook. The Association, 1956. 141p.

WALTEN, E.C., *Art teaching in Secondary Schools.* Bestard, London.

CRAFTS

खादी विद्या प्रवेशिका, अहमदाबाद, गुजरात विद्यापीठ, १०८ पृ०

कल्लापुर, एस. के. रेशा उद्योग, धारवार, जाति शिक्षण समिति, १९५७

मिश्र, देवेन्द्र, शिल्प-प्रशिक्षण–एक मनोवैज्ञानिक विश्लेषण, बीकानेर, नया शिक्षक, ७ (३ व ४), जुलाई-अक्टूबर, १९६४, ५७-६०

राय, अमरनाथ, बेकार कुछ नहीं, सस्ता साहित्य मण्डल, १९६४, नई दिल्ली, ४० पृ०

शंकरलाल इत्यादि, गत्ता, काष्ठ एवं धातु कला की हैंडबुक पटना, बिहार बेसिक एज्यूकेशन बोर्ड १९५७. १९८ पृ०

BHATIA, H. R., *Craft in Education.* Pilani.

CHUGH, H. K. L., *Economic aspect of craft work,* Buniyadi Talim, 5 (4) October 1962, 176—182.

DEO, T. Y., *Use of waste material for crafts in basic schools,* Buniyadi Talim, 2 (1) January 1959, 9-11.

HARIDAS, *Craft-teaching and nationol emergency.* Educational Forum, 8 (1) January 1963. 21-27.

INDIA, MINISTRY OF EDUCATION, *Handbook for teachers of basic schools.* New Delhi, The Ministry, 1956; iv, 325p.;

LAWERENCE, H. S. S., *Handicrafts in education.* South Indian Teacher. 29 (2) February 1956, 120-122.

MALAIYA V., *Economics of craft education.* Buniyadi Talim 7 (1) January, 1964, 11-12.

MEHTA, RUSTAM J., *The Handicrafts and industrial arts of India.* With 4 plates in Colour and 150 Monochrome Plates.

MINISTRY OF EDU., *Metal Work in Great Britain, Secondary Schools.* H.M. Stationery office, London.

NARASIMHACHARY, K., *Handicrafts for Children,* Orient Longmans, 1966.

VIRKAR, P. N., *Paper making as a school craft,* Teacher Education, 2 (1) January 1958, 24-26.

जामिया मिलिया, गत्ते का काम सीखने के बुनियादी सिद्धान्त और विधियाँ, नई दिल्ली, जामिया मिलिया इस्लामिया, २४+१५ (हिंदी एवं उर्दू)।

डेविड, एस. सी., चमड़े का काम, उदयपुर, विद्याभवन सोसायटी।

दीक्षित राजेश, बांस, बेंत और पाटों का काम, लखनऊ, वेदवाणी प्रकाशन, ४० पृ०।

रब, एम. के. काष्ठ कला परिचर्या, इलाहाबाद, किताब महल, १९५७, २७४ पृ०, सचित्र।

रहमत अली शाह, खराद शिक्षा, दिल्ली, दीवान चंद बुकसेलर, २५६ पृ०, सचित्र।

लाडली मोहन, लकड़ी का काम, देहली, आत्मा राम एण्ड संस, १९५९, १०७ पृ०, सचित्र।

'शील', रत्न प्रकाश, आधुनिक फर्नीचर डिजाइन बुक, भाग १, देहली, देहाती पुस्तक भंडार, १४५ पृ०, सचित्र।

Ceramic Arts :

BAKER, JESS, and BAKER, DENYS VAL. *The pottery book : an introduction to individual art and craft.* London. Cassell. 1959. 146 p.

BINNS, CHARLES F., *The pottery's craft.* Princeton, Van Nostrand Co., 1955. xiii, 128 p. Illus.

DEVEGH, GEZA. and MANDI, ALBER. *The craft of ceramics,* Princeton, L. Van Nostrand Co., 1936. xii. 145 p. Illus.

DOUGHERTY, JOHN WOLEE, *Pottery made easy.* Milwaukee, Bruce Publishing Co., 1955. viii, 182 p. Illus.

FIELDHOUSE, MURREY, *Pottery.* W. & G. Foyle, 1956. 104 p. Illus,

INDIA, MINISTRY OF COMMERCE & INDUSTRY. *Ceramic clay resources of Madras State,* New Delhi. The Ministry, n.d. 62 p.

JENKINS, R. HORACE. *Practical pottery for craftsmen and students.* Milwaukee, Bruce Publishing Co., 1960, xii, 192 p. Illus.

LESTER, KATHERINE MORRIS. *Creative ceramics : A primitive craft becomes a fine Art.* Peoria, Chas. A Bennett Co., 1948. 213 p. Illus.

NEWICK, JOHN. *Modelling for terracottas.* Leicester, Dryad Press, 1953. 71 p. Illus.

STEWART, JIMMIE ADAIR, *Ceramics for all.* N. Y. Barnes & Noble, 1950. xi, 156 p. Illus.

TUROFF, MUNEL PARGH. *How to make pottery and other ceramic ware.* New York, Crown Publisher. 1949. xi, 145 p. Illus.

WHEELER, IDA. W. *Playing with clay.* New York Macmillan, 1953. 116 p.

गर्ग, प्रेमप्रकाश, मिट्टी व कुट्टी का काम, उदयपुर, विद्याभवन सोसायटी।

चक्रवर्ती, नानी गोपाल, मिट्टी और मिट्टी के सामान, कलकत्ता, अशोक पुस्तकालय, १९५७, ४५ पृ०

जहूरबक्स और द्विवेदी हरीप्रसाद मिट्टी का काम जिल्द-३, जबलपुर, मिश्र बंधु कार्यालय, १९५७

बोस, हीरेंद्रनाथ, मिट्टी का उद्योग (क्ले वर्क), उत्तर-प्रदेश प्रकाशन शाखा, सूचना विभाग, १९५८ ४८७ पृ०, सचित्र।

